हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 17 दिसम्बर 2024

हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 23वें
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं

हरिभूमि 23 Years ANNIVERSARY

Symbol of Trust
at
Since 1957
AT PALACE
KOTWALI CHOWK

at BUILDCON PRIVATE LIMITED

अनोपचंद तिलोकचंद
ज्वेलर्स प्रा.लि.

at Since 1957 Classic
Beyond All Expectations!

हम गढ़ते है विश्वास
SUMEET JEWELLERS
RAIPUR | DURG | RAJIM
RAJNANDGAON

ANANDAM WORLD CITY

SA.BA INFRAVENTURES

सुमीत बाजार
क्वालिटी अनमोल बजट पे कंट्रोल

Shri Ganesha
SINCE 1974
WE MAKE YOUR LIFE COLOURFUL

CLASSIC GROUP
LIFESTYLE MATTERS

Raheja Group

GHAR FURNITURE
Pandari - 91315 63341

madrasi
Since 1943

SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
SAFETY EQUIPMENTS, AUTOMATION & IT SOLUTIONS
Web : www.smartindustrialsystems.com, E-mail : smartindustrialsystems@gmail.com
Tel : (0771) 2433880, Mob. : +91 8435000880, 881, 882

ALERT SGS PVT. LTD.
www.alertsgs.com
अब हम देंगे सुरक्षा

JAIKA AUTOMOBILES
&
FINANCE PVT. LTD.

HONDA
G.K. Honda
80582 54444

TATA MOTORS
OM AUTOWHEELS
93110 60060

JCB
GK JCB
Raipur - 73036 25888
Nagpur - 70655 50066

GK Electric
0771-6678857

HONDA
GK CARS & BIKES
97534 89090

Ford Go Further
G.K. Ford
96171 05000

COZY CRIBS
GK COZY CRIBS
62629 88899

GK INSURANCE BROKERS PVT LTD
98998 22799

EICHER
GK Automotive Pvt Ltd

HONDA
City Honda
Near MMI Hospital

ROYAL ENFIELD
Indian Motors
Lodhipara Chowk

ASHOK LEYLAND
City Wheels
Tatibandh

TATA MOTORS
भसीन मोटर्स
• मैग्नेटो मॉल के पास, छोकरानाला, कृषक नगर, रायपुर (छ.ग.)
• वालफोर्ट सिटी के सामने, भाटागांव, रिंग रोड नं. 1, रायपुर (छ.ग.)
Mo.: 7303658561, 9167394851
www.bhasinmotors.com sales@bhasinmotors.com

SHIVNATH HYUNDAI

CITROËN
City Cars
Ring Road No.1, Sarona

TATA MOTORS
NATIONAL GARAGE
We Drive Your Dream
■ Tatibandh, G.E. Road, Raipur (C.G.), Mob. : 9826429930
■ Vidhansabha Road, Mova, Raipur (C.G.), Mob. : 9826428484

# शिक्षा भूमि

## Admissions Open 2025-26

## "शिक्षा : सफलता का पहला कदम"

विद्यालय शिक्षा हर व्यक्ति के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह वह आधारभूत प्रक्रिया है जिसके माध्यम से बच्चों में ज्ञान, कौशल और संस्कार विकसित किए जाते हैं। विद्यालय न केवल पढ़ाई-लिखाई की जगह है, बल्कि यह बच्चों के समग्र विकास का केंद्र भी है। सही विद्यालय शिक्षा बच्चों को आत्मनिर्भर, सशक्त और जागरूक नागरिक बनने में मदद करती है।

**शिक्षा का अर्थ और उद्देश्य :-** शिक्षा का अर्थ केवल पुस्तकों को पढ़ना और परीक्षाएं पास करना नहीं है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को जीवन जीने की कला सिखाना है। विद्यालय शिक्षा बच्चों में सोचने, समझने और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करती है। यह बच्चों को सिखाती है कि वे समस्याओं का हल कैसे निकालें, समाज में अपनी भूमिका को कैसे समझें और नैतिक मूल्यों के साथ कैसे आगे बढ़ें।

**विद्यालय शिक्षा का महत्व :-**

1. **ज्ञान का विस्तार:** विद्यालय बच्चों को विभिन्न विषयों की जानकारी देता है, जैसे- विज्ञान, गणित, भाषा, सामाजिक अध्ययन आदि। यह ज्ञान बच्चों को नई खोजों और आविष्कारों के लिए प्रेरित करता है। शिक्षा से बच्चे अपने आसपास की दुनिया को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं।
2. **व्यक्तित्व विकास:** विद्यालय में बच्चों का मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक विकास होता है। खेल-कूद, कला, संगीत और नृत्य जैसी सह-पाठ्यक्रम गतिविधियाँ बच्चों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाती हैं।
3. **नैतिक और सामाजिक मूल्य:** विद्यालय बच्चों में नैतिक मूल्यों जैसे- ईमानदारी, सहानुभूति, अनुशासन और दूसरों का सम्मान करने की भावना का विकास करता है। यह बच्चों को अच्छे और बुरे में अंतर करना सिखाता है और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाता है।
4. **संचार कौशल:** विद्यालय शिक्षा बच्चों को अपनी बात कहने और दूसरों को समझने का कौशल सिखाती है। यह कौशल उनके जीवन में हर क्षेत्र में मदद करता है, चाहे वह नौकरी हो या सामाजिक जीवन।
5. **करियर की तैयारी:** विद्यालय शिक्षा बच्चों को भविष्य में करियर चुनने के लिए तैयार करती है। यह उनके सपनों को आकार देती है और उन्हें सफलता की राह दिखाती है। अच्छी शिक्षा के बिना किसी भी क्षेत्र में सफलता पाना मुश्किल है।
6. **लिंग समानता और समावेश:** विद्यालय शिक्षा लड़के और लड़कियों के बीच समानता का संदेश देती है। यह बच्चों को बताती है कि शिक्षा सभी का अधिकार है, चाहे वे किसी भी जाति, धर्म या लिंग के हों।

**शिक्षा की चुनौतियाँ और समाधान**

हालांकि विद्यालय शिक्षा का महत्त्व असीमित है, लेकिन इसके समक्ष कई चुनौतियाँ भी हैं, जैसे- गरीब बच्चों की शिक्षा तक पहुँच न होना, शिक्षकों की कमी, और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अभाव। इन समस्याओं के समाधान के लिए सरकार और समाज दोनों को मिलकर कार्य करना होगा। डिजिटल शिक्षा, मुफ्त शिक्षा योजनाएँ और जागरूकता अभियान शिक्षा की पहुँच को बढ़ाने में मददगार साबित हो सकते हैं।


हरिभूमि 23rd Years Anniversary

सत्य के सजग प्रहरी दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 23 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...

Godriwala Presents
MM Junior School
NURTURING CHILDREN WITH CARE
ADMISSION OPEN 2025-26
NURSERY TO KG-II
dedicated to EXCELLENCE since it's Inception
6232594893
MM Junior School, Amlidih, Raipur (C.G.) mmschool.ac.in





Shivam Educational Academy SEA
Affiliated to CBSE New Delhi
( Affiliation No. 3330414 )
Admission Open 2025 - 26
PLAYGROUP TO IX AND XI
Limited Seats
INDRAPRASTHA PHASE-II
RDA Colony, Raipura, Raipur (C.G.)
Transport Facility Available
9009444567
OUR BRANCHES
Satyam Vihar, Raipura, Raipur (C.G.) Cont. 8109065153
Dhebar City Turn, Bhatagaon, Raipur (C.G.) Cont. : 8823062280





BHASKARA PUBLIC SCHOOL
A Gateway of Innovations
OUR SPECIAL FEATURES
• Burden Free Education for Pre Primary Students.
• Efficient And Experienced Teaching Staff Computer
• Education From Class-1
• Creating Totally English Atmosphere
• Smart Class Program, Science Lab, Computer Lab
• Limited Student In Each Class For Keen Observation
• Modern Teaching Method
Playgroup to Class -X
An English Medium School
THE ONLY SCHOOL BEING RUN IN SOUTH PATTERN
Note : •No Admission Fees Upto 28 February 2025 Book Free for Class Nursery.
•Free Classes for 3 Months.
Add.- In Front of Karan Nagar Board, New Changorabhata, Raipr (C.G.)

Vardhman
English Medium Hr.Sec. School
Kasar Gali, Satti Bazar, Raipur
Mo. 7222961022
Nursery to XII
Vardhman The School
Nahar Road, Krishna Nagar, Santoshi Nagar, Raipur
Mob. 7067512884

सफलता के सूत्र:- ★ संकल्प ★ साधना ★ समर्पण
छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित
स्व. कमला देवी नकछेद प्रसाद स्मृति
अग्रसेन महाविद्यालय
[NAAC Accredited, Recognised Under UGC Act 2(f) & 12B]
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय एवं कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार वि.वि. से संबंद्ध
हरिभूमि के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं.
उपलब्ध पाठ्यक्रम...
B.Com | B.Com Computer | BBA | M.Com | Ph.D Commerce | BCA | DCA | PGDCA | B.Sc. Computer Science | BA JMC | B.Sc. Electronic Media | PGDJ | MSW | PGD IN YOGA | MJ | MBA
जैतुसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)
0771 4904913, 7777884998, 8871007980, 9229207980
WIFI CAMPUS | E-LIBRARY WITH 96000 E-BOOKS | SEMINAR & WORK SHOPS | PDP & ENGLISH CLASSES.
शुभेच्छु: महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति.
डॉ.व्ही.के. अग्रवाल अध्यक्ष | अजय दानी कोषाध्यक्ष | डॉ. अमित अग्रवाल सचिव





हरिभूमि 23rd Years Anniversary
सत्य के सजग प्रहरी दैनिक हरिभूमि रायपुर संस्करण के 23 वें स्थापना दिवस!! की हार्दिक शुभकामनाएं...
मुकेश शाह
संचालक-वीर छत्रपति शिवाजी स्कूल, रायपुर संयोजक तिरंगा वंदन मंच, रायपुर





CPS
CPS GROUP OF SCHOOL
Chhattisgarh Public School
CBSE Affiliation No. 3330087
37, Sarvodaya Nagar, Near AIIMS, Hirapur Road, Tatibandh, Raipur
9109166622, 9752148000, 7869190431
Email : 36garh3330087@gmail.com, Web.: www.cpsraipur.com
Play Group To Class XII





CPS Kids Academy Play Group to 5th
Shrinagar 9981977444 | Shankar Nagar 9109762200 | Birgoan 9827172688

KENT INTERNATIONAL SCHOOL
C.B.S.E. AFFILIATION NO. 3330358
Session 2025-26
CHOOSE THE BEST FOR YOUR CHILD
ADMISSION OPEN
NURSERY TO 12TH C.B.S.E BOARD
www.kentinternationalschool.in
OUR SALIENT FEATURES
1. Hug 6 Acres Beautiful campus in a pollution free location away from hustle & bustle of the city
2. Active pedagogy & Qualified Teachers have More than 10 years experience
3. Fully stacked school Library & 3000 sqft an auditorium Has a 500 seating capacity
4. Extra curriculum Activities Like Yoga, Karate, Music, Drawing etc.
5. Well planned 24x7 highly secured CCTV campus
6. Scholarship for meritorious student
SAVE 50,000/- to 100,000/- EVERY YEAR
VISIT PERSONALLY & TRUST
CONGRATULATIONS STUDENT
CBSE BOARD 10TH AND 12TH
10th 100% 12th 95% Result
Bhagyalaxmi Jena | Rahul Kurre | Lakshya Kankaria | Karan Singh Bhuwal
Raipur Amleshwar Marg, Tiranga Chowk Road, Jheet Mo. 7880111062, 8085123639
ADMISSION TIMING 10am to 2pm
KENT KIDS ACADEMY
Choursiya Colony,(Near Masjid),Raipur (C.G.) Mob.7880111063

हरिभूमि समुह को 23 वां वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
SHIVOM VIDYAPEETH SCHOOL
SANKRA (CBSE) I RAIPURA I CHANGORA
91091-26500 • www.shivom.org

PRANAVANANDA ACADEMY
An English Medium Senior Secondary School
(Affiliated to C.B.S.E., Affiliation on 3330050)
www.bssparaipur.co.in
ADMISSION OPEN
Session - 2025-26
Salient Features- • This is run & managed by the world renowned philanthropic organization of monks- Bharat Sevashram Sangha.
• Man making education is the motto of this School





Nursery to Class IX & XI
VIP Road, Raipur (C.G.)
Mob. : 79873-74076, 83497-84854, 73896-25110

PAARAS INSTITUTE OF EDUCATION
ADMISSION OPEN
UNIVERSITY AFFILIATED
DIPLOMA COURSE
DCA
PGDCA





INSTITUTE COURSE
• TALLY GST
• ADVANCE EXCEL
• BASIC COMPUTER
• TYPING CLASSES
• CCA+ TALLY
• GRAPHICS DESIGNING
• SPOKEN ENGLISH CLASSES
0771-3585942, 6263903865
Ring road no1, near mahavir sweets, Bhatagaon chowk Raipur

तापमान
अधिकतम 28.8 डिग्री
न्यूनतम 9.8 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 17 दिसंबर 2024

15 बच्ची को मां से छीनकर बिना तलाक लिए किया दूसरा...

16 सिलतरा व उरला में स्थानीय युवाओं को नौकरी...


# दांतों के डाक्टर के दो पद के लिए 21 उम्मीदवार, एनेस्थीसिया सहित 19 पदों पर आवेदन शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

डीएमएफ फंड से चिकित्सा विशेषज्ञों की संविदा नियुक्ति के लिए क्लीनिकल विषयों के डाक्टर दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। बीते दस दिनों में एनेस्थीसिया सहित चार विषयों के चिकित्सा विशेषज्ञों के 19 पदों के लिए एक भी आवेदन नहीं आया है। जिले में दांतों के डाक्टरों के दो पद पर भी भर्ती की जा रही है, जिसके लिए 21 लोगों ने आवेदन किया गया है।

रायपुर जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास मद से चिकित्सा विशेषज्ञों की वर्ष 2024-25 में भर्ती को स्वीकृति दी गई है। इसके आधार पर जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा एनेस्थीसिया तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ के 6-6, जनरल सर्जरी के 4, शिशु रोग विशेषज्ञ के 3 तथा ⏭ शेष पेज 15 पर

## रायपुर जिले में स्वीकृत नए 21 पदों पर चिकित्सा विशेषज्ञों की हो रही भर्ती

### निजी अस्पताल में ढाई लाख तक

सूत्रों के अनुसार सरकारी स्तर पर चिकित्सा विशेषज्ञों की भर्ती का सबसे बड़ा रोड़ा वेतन का होता है। संविदा आधार पर की जा रही भर्ती के लिए इन चिकित्सा विशेषज्ञों का वेतन 93750 रुपए तय किया गया है। पीजी की पढ़ाई पूरी करने के बाद एनेस्थीसिया सहित अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों की डिमांड निजी अस्पताल से दो से ढाई लाख के वेतन पर होती है। वेतन के इस बड़े अंतर की वजह से भी सरकारी सिस्टम में चिकित्सा विशेषज्ञों की कमी पूरी तरह दूर नहीं हो पाती है।



### दंत चिकित्सक का वेतन 27500

रायपुर जिले में दंत चिकित्सक की भर्ती के लिए निकाले गए पद के लिए वेतन 27500 रुपए तय किया गया है। सरकारी सेक्टर में सेवा के लिए डेंटिस्टों को कम अवसर मिलता है। जिसकी वजह से बीडीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले मौका नहीं चूकना चाहते, दो पदों की भर्ती के लिए 21 आवेदक इसका प्रमाण है। इन दंत चिकित्सकों की नियुक्ति उन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में की जाएगी जहां दांतों की बीमारी के उपचार की सुविधा उपलब्ध कराया जाना है।

### मेकाहारा में 106 पद पर भर्ती

शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर और उससे संबंधित आंबेडकर अस्पताल में चिकित्सा शिक्षक और डाक्टरों की कमी दूर करने के सात 106 विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन 20 दिसंबर को किया जाएगा। इसमें सहायक प्राध्यापक, एसआर नियमित, संविदा सहित अन्य पद शामिल है। माना जा रहा है कि इस भर्ती के लिए कई विभागों के मैन पॉवर की समस्या दूर होगी और उपचार व्यवस्था बेहतर होगी।

## खबर संक्षेप

### आपसी रंजिश में हत्या की कोशिश, सात साल कैद

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व आपसी रंजिश के चलते दो लोगों पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विभा पाण्डेय की कोर्ट ने दो बदमाशों को सात-सात साल कैद की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक रश्मि रानी के मुताबिक, कोर्ट ने सरफराज खान तथा विजय उर्फ लल्लू ढीढी को कैद की सजा सुनाई है। दोनों बदमाशों ने 6 जनवरी 2022 को आपसी रंजिश के चलते प्रमोद राजपूत पर चाकू से जानलेवा हमला किया था। बीचबचाव करने पर बदमाशों ने गंगाराम यादव के पेट में चाकू घोंपकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

### ट्रेलर चोरी कर कटिंग खरीदार समेत 4 गिरफ्तार



**रायपुर।** रायगढ़ तथा रायपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ट्रेलर चोरी कर खरीदी-बिक्री करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार कर ट्रेलर का कटिंग हिस्सा बरामद किया है। ट्रेलर चोरी कर कटिंग करने के बाद खरीदी बिक्री करने के आरोप में पुलिस ने यार्ड संचालक शेख हमीद उर्फ गुड्डू खान, गाजी खान, अब्दुल रफीक उर्फ लाला खान तथा फिरोज उर्फ राजा खान को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, महबूब खान के ट्रेलर को बदमाशों ने 10 दिसंबर को चोरी कर लिया था। रायगढ़ पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर कार्रवाई की है।

### आपसी रंजिश के चलते युवक से की मारपीट

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में एक युवक ने आपसी रंजिश के चलते दो लड़कों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजीव गांधीनगर निवासी डिलेंद्र नाग ने रमेश तथा राहुल नायक के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। डिलेंद्र ने पुलिस को बताया कि आपसी रंजिश के चलते रमेश तथा राहुल ने उसे रास्ते में रोककर उसके साथ मारपीट की है।

### नियमतिकरण की मांग रविवि कर्मी हड़ताल पर




**रायपुर।** विश्वविद्यालयीन दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने आज एकदिवसीय आंदोलन कर नियमितीकरण, अंशदान कटौती की राशि को वापस देने आदि की मांग की। संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील सोनकर ने बताया, लगातार आंदोलन के बाद भी राज्य सरकार व केंद्रीय अनुदान द्वारा नियमितिकरण के संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। आंदोलनकारियों की सभा को कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने संबोधित किया तथा विगत 20- 25 वर्ष से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के शोषण, विश्वविद्यालय में कर्मचारियों के बीच में भेदभाव तथा मोदी की गारंटी लागू न होने पर नाराजगी व्यक्ति की है। रविवि में हुए धरना-प्रदर्शन में प्रदीप मिश्रा, श्रवण सिंह ठाकुर, काशीराम चंदेल अध्यक्ष, अविरल धनगर आदि शामिल हुए।

## माना का न्यूनतम तापमान 7.7, रायपुर 9.8 डिग्री तक लुढ़का

# शीतलहर के बन गए हालात, रायपुर समेत मध्य हिस्से में ऐसा पहली बार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

उत्तर की शुष्क हवा के प्रभाव से रायपुर समेत मध्य हिस्से में शीतलहर के हालात बन गए हैं और पिछले दस साल में ऐसा पहली बार हुआ है। रवि-सोमवार की दरम्यानी रात माना का न्यूनतम तापमान 7.7 और रायपुर का 9.8 डिग्री दर्ज किया गया है, जो सामान्य से पांच से छह डिग्री तक कम है।

इस बार ठंड ने प्रदेश में ज्यादा असर दिखाया है और इसकी अवधि भी काफी लंबी है। सरगुजा से लेकर बस्तर तक सभी शहरों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सरगुजा संभाग की तरह बीते चौबीस घंटे में रायपुर जिला भी शीतलहर की जद में आ गया। शहरी इलाके का न्यूनतम तापमान जहां सामान्य से पांच डिग्री कम रिकार्ड किया गया है, वहीं माना सहित अन्य आउटर का पारा 6 से 7 डिग्री सेल्सियस कम हो गया, जिससे शीतलहर चलने की स्थिति बन गई। ठंड की वजह से लोग कांपते रहे और ⏭ शेष पेज 15 पर



### ठंड का लंबा दौर

राज्य में इस बार ठंड का यह दौर सात दिन का रहा। उत्तर से आने वाली हवा स्थायित्व लिए हुए है, जिसकी वजह से तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। हवा का प्रभाव पहले सरगुजा संभाग फिर बिलासपुर होते हुए रायपुर और दुर्ग और बस्तर संभाग को ठंडा करता चला गया। अभी राज्य के 90 फीसदी इलाकों में ठंड का जोरदार असर महसूस हो रहा है।

### ऐसा रहा तापमान

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 9.8 | -4.6 |
| माना | 7.7 | -5.8 |
| बिलासपुर | 10.6 | -2.5 |
| पेंड्रा | 6.6 | -5.0 |
| अंबिकापुर | 4.0 | -5.0 |
| जगदलपुर | 8.5 | -3.4 |
| दुर्ग | 7.2 | -6.7 |

### आएगा विक्षोभ, ठंड में थोड़ी कमी

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 16 के बाद 19 और 22 दिसंबर को सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ को बंगाल की खाड़ी में बनने वाले सिस्टम प्रबल करेगा। इसके प्रभाव से हवा की दिशा बदलेगी, जो प्रदेश में नमी लेकर आएगी। अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान बढ़ने से ठंड में कमी आएगी। 18 से 22 दिसंबर के बीच बस्तर संभाग में हल्की वर्षा होने की गुंजाइश भी है।

## ठंड से राहत दिलाने दर्जनभर स्थानों पर निगम ने की अलाव की व्यवस्था

- शीतलहर से छूट रही कंपकंपी, सार्वजनिक स्थानों पर अलाव का प्रबंध
- टाउनहाल, बसस्टैंड, खमतराई बाजार, एम्स हास्पिटल परिसर, लाखे नगर चौक में व्यवस्था



**रायपुर।** ठंड ने कंपाया, निगम की नींद नहीं खुली, अलावा की व्यवस्था अभी नहीं शीर्षक से हरिभूमि ने कड़ाके की ठंड के बावजूद शहर में लोगों के लिए अलाव की व्यवस्था नहीं किए जाने की खबर 15 दिसंबर के रायपुर भूमि में प्रमुखता से प्रकाशित की। खबर का असर देखने में सामने आया है। निगम प्रशासन ने इसे संज्ञान लेते हुए आम जनता को ठंड से राहत दिलाने अब दर्जनभर स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम के 10 जोन कमिश्नरी ने शहर के मुख्य सार्वजनिक स्थानों सहित चौराहों पर शीतलहर से लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर अलाव जलाना शुरू कर ⏭ शेष पेज 15 पर

### इन स्थानों पर ठंड से राहत देने अलाव

- एम्स हास्पिटल परिसर, टाटीबंध गुरुद्वारा गार्डन परिसर
- भाठागांव बस टर्मिनल, जयस्तंभ चौक के समीप
- आंबेडकर अस्पताल परिसर, टाउनहाल परिसर
- खमतराई बाजार चौक के समीप
- भनपुरी बाजार के पास, लाखेनगर चौक
- रेलवे स्टेशन चौक, हॉटल पैराडाइस के पास, श्रीनगर सुलभ शौचालय के सामने

# कृषि विवि अब नहीं पूछेगा बहुविकल्पीय सवाल, 'जोड़ी' भी नहीं मिला सकेंगे विद्यार्थी

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रश्नपत्र पैटर्न में किया गया बदलाव
- बीएससी प्रथम वर्ष का बदला गया प्रारूप, क्रमशः सभी सत्रों में होगा लागू



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विवि अब अपने विद्यार्थियों से बहुविकल्पीय सवाल नहीं पूछेगा। इसके अलावा विद्यार्थियों को जोड़ी मिलान का विकल्प भी नहीं दिया जाएगा। मौजूदा शैक्षणिक सत्र से कृषि विवि ने परीक्षा पैटर्न में बदलाव किया है। फिलहाल यह बदलाव बीएससी कृषि प्रथम वर्ष के लिए ही लागू किया गया है। अगले शैक्षणिक सत्रों में इसे क्रमशः लागू किया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत ये बदलाव किए गए हैं। अब तक 20 अंकों के सवाल बहुविकल्पीय स्वरूप में पूछे जाते थे, अर्थात विद्यार्थियों को एक सवाल के चार विकल्प दिए जाते थे। इनमें से ⏭ शेष पेज 15 पर

### रविवि भी कर चुका है बदलाव

ना सिर्फ कृषि विवि बल्कि प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रश्नपत्र के पैटर्न में बदलाव किए गए हैं। पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा भी स्नातकोत्तर स्तर पर प्रश्नपत्र पैटर्न में बदलाव किया गया है। पहले छात्रों से अतिलघु उत्तरीय सवाल 20 अंकों के पूछे जाते थे, जिसे घटाकर 10 अंकों का किया गया है। इसके अलावा विद्यार्थियों को पहले से उत्तरपुस्तिका में खंड बने हुए नहीं मिलेंगे। विद्यार्थियों को स्वयं ही तालिका बनाकर उत्तर दर्ज करने होंगे। यहां भी एनईपी के तहत ही परिवर्तन किए गए हैं।

### ईयरबैक छात्रों के लिए खोला गया पोर्टल

अंतिम वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए पूर्व सेमेस्टर की सभी कक्षाओं में उत्तीर्ण होना अनिवार्य होता है। किसी विषय में अनुत्तीर्ण होने पर ईयरबैक वाले विद्यार्थी परीक्षा फॉर्म नहीं भर पाते हैं। इस वर्ष भी यही स्थिति उत्पन्न हुई। सामान्य शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि समाप्त होने के बाद पुनर्मूल्यांकन के परिणाम घोषित किए गए। इसके बाद कई विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली, लेकिन तब तक पोर्टल बंद किया जा चुका था। तिथि निकलने के कारण छात्रों से 4 से 5 हजार तक विलंब शुल्क भरना पड़ रहा था। छात्रों के अनुरोध के बाद उन विद्यार्थियों के लिए पोर्टल दोबारा खोल दिया गया है, जिनका ईयरबैक लगा था लेकिन पुनर्मूल्यांकन में वे उत्तीर्ण हो गए।

# पुलिस जवान के साथ निगरानी बदमाश का बर्थडे सेलिब्रेशन चाकू से काटा केक





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- बदमाश ने इंस्टाग्राम में किए पोस्ट को डिलीट किया, रविवार को बदमाश ने वीडियो अपलोड किया था

मौदहापारा इलाके के एक निगरानी बदमाश का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में बदमाश अपने बर्थडे के अवसर पर चाकू से केक काटता दिख रहा था। इस वीडियो में चौंकाने वाला पहलू यह है कि बदमाश जब चाकू से केक काट रहा था, उस दौरान मौके पर एक पुलिसकर्मी उपस्थित था। केक काटने के बाद पुलिसकर्मी बदमाश के साथ नृत्य करने के साथ बधाई दे रहा है। बदमाश ने उक्त वीडियो रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट में अपलोड किया था, जिसे उसने बाद में डिलीट कर ⏭ शेष पेज 15 पर

### *बदमाशों के हौसले बुलंद होते हैं*

*बदमाशों के किसी आयोजन में पुलिसकर्मियों के इस तरह शामिल होने से बदमाशों के हौसले बुलंद होते हैं। साथ ही पुलिस की शाख पर भी लोग सवालिया निशान लगाते हैं। बदमाश अपनी बिरादरी में दबदबा बनाए रखने निचले स्तर के पुलिसकर्मियों के साथ संबंध स्थापित कर अपने किसी आयोजन में बुलाकर फोटो खिंचवाने के बाद जानबूझकर सोशल मीडिया अकाउंट में अपलोड करते हैं।*

### *पेशी का वीडियो बनाकर अपलोड*

*दो माह पूर्व सेंट्रल जेल परिसर में गोलीकांड के आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उनकी जमकर खबर ली और फिर कोर्ट में पेश करने ले गई। बदमाशों को पुलिस जब कोर्ट में पेशी के लिए ले जा रही थी, एक बदमाश ने गोलीकांड के आरोपी को पुलिस जीप में बैठाने के साथ कोर्ट परिसर में पेशी के दौरान चोरी छिपे वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो बनाने वाले बदमाश ने फेक आईडी से इंस्टाग्राम में वह वीडियो अपलोड कर किसी हीरो की तरह पेश किया। पुलिस द्वारा सख्ती बरतने पर बदमाश ने वीडियो डिलीट किया।*

### *बदमाशों के साथ पुलिस का गठजोड़*

*गौरतलब है कि टिकरापारा थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर बदमाश हत्या के मामले में पैरोल से फरार राजा बैझड़ उर्फ राशिद अली को पुलिस ने देशी कट्टा के साथ पकड़ा था। तब उसका भी थाने में पुलिसकर्मियों के साथ दोस्ताना अंदाज में देशी कट्टा के साथ हंसते हुए फोटो वायरल हुआ था।*

# दो छात्राओं ने छोड़ी गायनी की सीट, अब दूसरे राउंड के लिए 273 सीट खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- आज दोपहर तक संस्था चयन का मौका

बिलासपुर एवं रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज में दो छात्राओं ने स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की सीटें त्याग दी हैं। अब दूसरे राउंड में एमडी-एमएस की 273 खाली सीटों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। दो रिक्त सीटों की वजह से च्वाइस फीलिंग के लिए मंगलवार तक मौका दिया गया है। राज्य के विभिन्न शासकीय एवं निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में पीजी की सीटों पर एडमिशन के लिए दूसरे राउंड की काउंसिलिंग की तैयारी चल रही है। इसके लिए दूसरी आवंटन सूची जारी किए जाने की तैयारी थी। इसी बीच जीएमसी रायपुर और बिलासपुर मेडिकल कालेज द्वारा दो और सीट खाली होने की सूचना चिकित्सा शिक्षा संचालनालय को भेजी गई है। दोनों सीटों का आवंटन पहले दौर की काउंसिलिंग में हुआ था, मगर छात्राओं ने ⏭ शेष पेज 15 पर

# पहली बार अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के लिए पोर्टल

## शासकीय विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ, 20 दिसंबर तक चलेंगे पर्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- दसवीं-बारहवीं की प्रावीण्य सूची में पिछड़ रही राजधानी, अधिक से अधिक छात्रों को शामिल करने कवायद

जिले के शासकीय विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं की शुरुआत हो गई है। 13 दिसंबर से प्रारंभ हुई ये परीक्षाएं 20 दिसंबर तक चलेंगी। खास बात यह है कि इस बार अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के लिए विशेष वेबपोर्टल बनाया गया है। सभी विद्यालयों को अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के बाद अपने परिणाम इस पोर्टल में अपलोड करने होंगे। इसके माध्यम से रिजल्ट की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाएगी। स्कूलों को दसवीं और बारहवीं कक्षा के परिणाम इस पोर्टल में अपलोड करने होंगे। इन दोनों कक्षाओं के नतीजों की ऑनलाइन समीक्षा के ⏭ शेष पेज 15 पर



### तैयार की जा रही है केंद्र सूची

विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी करवाए जाने के साथ प्रबंधन स्तर पर भी मार्च में होने वाली वार्षिक परीक्षाओं के लिए व्यवस्थाएं की जा रही हैं। बीते दिनों माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों की बैठक ली गई थी। इसमें उन्हें अपने जिलों के परीक्षा केंद्रों की जानकारी देने कहा गया था। परीक्षा केंद्रों की कुल संख्या, संवेदनशील केंद्र, नवीन केंद्र सहित कई बिंदुओं पर यह सूची तैयार की जा रही है। रायपुर जिले के भी केंद्रों की सूची बनाई जा रही है।

### *जिन विषयों में छात्र कमजोर, उसके लिए चार्ट*

*परिणामों की समीक्षा के बाद खासतौर से चार्ट बनाया जाएगा। इसमें उन विषयों का जिक्र होगा, जिसमें छात्र कमजोर हैं। विषयवार परिणामों का भी आंकलन किया जाएगा। जिन विषयों में छात्र सर्वाधिक कमजोर होंगे, उनके लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। इसमें अतिरिक्त कक्षाओं, नोट्स से लेकर अन्य तरह की चीजें भी शामिल हैं। जिन विषयों में विद्यार्थियों का प्रदर्शन अच्छा है, वे विषय उनके लिए स्कोरिंग सब्जेक्ट साबित हो सके, इसके लिए भी रूपरेखा बनाई जाएगी। इस चार्ट के आधार पर अतिरिक्त कक्षाएं लगाई जाएंगी। जनवरी माह में स्कूलों में प्री-बोर्ड का आयोजन होना है। इसके पूर्व ही छात्रों के लिए स्पेशल कक्षाएं संचालित की जाएंगी, ताकि विद्यार्थी प्री-बोर्ड में भी अच्छा प्रदर्शन कर सकें।*

## रविवि से संबद्धता लेने पर महाविद्यालयों को देना होता है निर्धारित शुल्क

*संबद्धता शुल्क पर रविवि से मांगा गया जीएसटी, तब हरकत में आया विवि प्रबंधन*

# 7 साल पुराने बिल पर रविवि ने लगाई जीएसटी महाविद्यालयों से वसूले जाएंगे 1 करोड़ 65 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि अब स्वयं से संबद्ध महाविद्यालयों से 1 करोड़ 65 लाख 4 हजार 666 रुपए वसूलेगा। ये राशि जीएसटी के रूप में विवि, महाविद्यालयों से लेगा। लेकिन इसमें आश्चर्यजनक बात यह है कि रविवि पिछले आठ सालों में महाविद्यालयों द्वारा दी गई संबद्धता राशि पर यह शुल्क लेने जा रहा है अर्थात सात वर्ष पहले भुगतान की गई संबद्धता राशि पर जीएसटी अभी लिया जाएगा। दरअसल, विश्वविद्यालय से संबद्धता लेने पर महाविद्यालयों को निर्धारित शुल्क देना होता है। कॉलेज प्रतिवर्ष ये शुल्क विश्वविद्यालय को प्रेषित करते हैं। महाविद्यालय केवल मूल राशि का ही भुगतान करते आ रहे हैं। इस पर लगनी वाली जीएसटी का भुगतान उनके द्वारा नहीं किया जाता रहा है। विवि भी महाविद्यालयों से प्राप्त संबद्धता शुल्क पर किसी तरह का जीएसटी अब तक नहीं दे रहा था। ऑडिट में यह बात सामने आने पर राज्यकर के सहायक आयुक्त द्वारा शैक्षणिक सत्र 2027-18 से लेकर 2023-24 तक की संबद्धता राशि पर जीएसटी लगाकर बिल थमा दिया गया। चूंकि यह राशि करोड़ों में है, इसलिए रविवि ने इसका भुगतान अपने मद से ना करके महाविद्यालयों से पैसे वसूलने का निर्णय लिया है। अर्थात महाविद्यालयों द्वारा आठ साल पूर्व किए गए भुगतान पर रविवि ने जीएसटी लगा दी है।

### *7 सत्रों में रविवि को मिले 3 करोड़ 56 लाख*

*शैक्षणिक सत्र 2017-18 से लेकर 2023-24 तक रविवि को संबद्धता शुल्क के रूप में 3 करोड़ 55 लाख 96 हजार रुपए मिले। इस पर 1 करोड़ 65 लाख 4 हजार 666 रुपए की जीएसटी दी जानी है। शैक्षणिक सत्र 2017-18 में रविवि को संबद्धता शुल्क के रूप में महाविद्यालयों से 46 लाख 2 हजार रुपए मिले। इस पर 25 लाख 95 हजार का जीएसटी लगाया गया है। इसी तरह से सत्र 2018-19 में 48 लाख 42 हजार* ⏭ शेष पेज 15 पर



### प्राचार्य बैठक में राशि जमा करने निर्देश

रविवि की कार्यपरिषद में इस मुद्दे को रखा गया था, जहां सर्वसम्मति से उक्त राशि महाविद्यालयों से लेने का निर्णय लिया गया। माह के प्रथम पखवाड़े में रविवि द्वारा महाविद्यालयीन प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई थी। परीक्षा संबंधित कार्यों को लेकर यह बैठक रखी गई थी। परीक्षा से जुड़े दिशा-निर्देश देने ⏭ शेष पेज 15 पर

# धुंध बन रही काल, ठंड में बढ़े सड़क हादसे, हर 10 एक्सीडेंट में चार की हो रही मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवंबर से जनवरी के बीच रोड एक्सीडेंट में मृतकों की संख्या बढ़ जाती है। इसकी वजह रोड खाली होने से एक्सीडेंट के बाद घायलों को स्थानीय स्तर पर जो मदद मिलनी चाहिए, वह नहीं मिल पाती। ज्यादातर दुर्घटनाएं तड़के तीन से पांच बजे के बीच होती हैं। ठंड के दिन में होने वाले एक्सीडेंट अन्य महीनों की तुलना में 25 प्रतिशत तक बढ़ जाते हैं। इनमें दिसंबर तथा जनवरी में हादसे ज्यादा होने के साथ मौतें ज्यादा होती हैं।

पिछले पांच वर्षों की तुलना में वर्ष 2023 रोड एक्सीडेंट के मामले में खौफनाक रहा है। पिछले वर्ष जनवरी 2023 में रोड एक्सीडेंट में मरने वालों की संख्या छह सौ के पार पहुंच गई थी। इस वर्ष जनवरी में पिछले पांच वर्षों की तुलना में मृतकों की संख्या छह सौ के करीब पहुंच गई। पांच वर्ष पूर्व 2019 की तुलना की जाए तो जनवरी में रोड एक्सीडेंट में मरने वालों की संख्या में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जनवरी 2019 में रोड एक्सीडेंट में 449 लोगों की मौत हुई थी। वर्ष 2023 में संख्या बढ़कर 603 हो गई है।

## नवंबर से जनवरी के बीच रोड एक्सीडेंट में मृतकों की संख्या में 25 प्रतिशत का इजाफा

### ठंड से बचने अधिक मात्रा में शराब का सेवन



ठंड के दिनों में कई वाहन चालक ठंड से बचने ज्यादा मात्रा में शराब का सेवन कर वाहन चलाते हैं, जानकार ज्यादा शराब सेवन कर वाहन चलाने को भी हादसे का कारण बता रहे हैं। ठंड के दिनों में रात के समय वाहन चलाते समय वाहन चालक को नींद ज्यादा आती है, इस वजह से भी एक्सीडेंट की घटनाएं होती हैं।

### पांच साल में नवंबर से जनवरी के बीच एक्सीडेंट में मौत

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नवंबर 2019 | 408 | दिसंबर | 378 | जनवरी | 519 |
| नवंबर 2020 | 470 | दिसंबर | 480 | जनवरी | 453 |
| नवंबर 2021 | 427 | दिसंबर | 440 | जनवरी | 652 |
| नवंबर 2022 | 535 | दिसंबर | 472 | जनवरी | 580 |
| नवंबर 2023 | 462 | दिसंबर | 533 | जनवरी | 603 |

**शीशा बंद होने से गाड़ी की स्पीड ज्यादा :** ठंड के दिनों में माल वाहक के साथ सभी तरह के छोटे-बड़े चारपहिया वाहन के ड्राइवर ठंड से बचने अपने वाहन का शीशा बंद कर वाहन चलाते हैं। शीशा बंद होने की वजह से गाड़ी की स्पीड ज्यादा रहती है। रात के समय वाहन चालक स्पीड की ओर ध्यान नहीं दे पाता, इस वजह से भी एक्सीडेंट की घटनाएं ज्यादा होती हैं।

### इस वजह से एक्सीडेंट ज्यादा

एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा के अनुसार बारिश तथा गर्मी के दिनों की अपेक्षा नवंबर से जनवरी के बीच राज्य के उत्तरी इलाकों में एक्सीडेंट की घटनाएं ज्यादा होती हैं। राज्य के उत्तरी जिलों में ठंड का असर ज्यादा रहता है। ज्यादा ठंड होने की वजह से कोहरे का असर ज्यादा रहता है। इसका कारण विजिबिलिटी कम हो जाती है। वाहन चालक सामने से आ रही गाड़ी को सही तरीके से देख नहीं पाता, इसके कारण एक्सीडेंट होता है।

## खबर संक्षेप

### मेडिकल कॉलेज को आज सौंपेंगे सतवंत की पार्थिव देह



**रायपुर।** वल्लभनगर रिंगरोड निवासी सरदारनी सतवंत कौर चावला (80) का 16 दिसंबर को निधन हो गया। उन्होंने जीवित अवस्था के दौरान ही देहदान की घोषणा कर दी थी, इसलिए निवास स्थान से 17 दिसंबर को दोपहर 3 बजे पार्थिव शरीर को मेडिकल कॉलेज ले जाया जाएगा। वे स्व. हरबंश सिंह चावला की पत्नी एवं त्रिलोचन सिंह चावला व वरिष्ठ भाजपा नेता सरदार मनमोहन सिंह चावला की माता थीं।

## निधन



### घुरई बाई साहू

**रायपुर।** मैत्रीनगर सुंदरनगर निवासी घुरई बाई साहू (कोलिहामार गुरुर वाले) का 16 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 दिसंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे भादूराम साहू की पत्नी, जग्गूराम, रघुनाथ और रघुवीर की माता थीं।



### सुरेश शादीजा

**रायपुर।** शैलेंद्र नगर निवासी सुरेश शादीजा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे दीपेश, तुषार शादीजा के पिता थे।



### कमल रातड़े

**रायपुर।** अभनपुर के ग्राम रवेली निवासी कमल रातड़े (60) का 15 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 दिसंबर को मुक्तिधाम में किया गया। वे त्रिवेणी, लक्ष्मी, मुकेश, गंगोत्री, राजा, राजू, के पिता और पुनिका बाई रातड़े के पति थे।

## बच्ची को मां से छीनकर बिना तलाक लिए किया दूसरा विवाह




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पहली पत्नी से उसकी बच्ची को छीनकर दूसरी महिला से विवाह करने के प्रकरण में राज्य महिला आयोग ने आरोपी व्यक्ति को बच्ची और दूसरी महिला के साथ सुनवाई में उपस्थित होने का आदेश दिया है। आरोपी महासमुंद के वेयर हाउस में दैनिक वेतनभोगी है। आदेश का पालन नहीं करने पर आयोग आरोपी की सेवा समाप्ति के लिए विभाग से अनुशंसा करेगा। आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक सहित अन्य सदस्यों ने सोमवार को महासमुंद के कलेक्टर सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रस्तुत प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान एक महिला ने अपने पति के विरुद्ध शिकायत की थी कि उसका विवाह वर्ष 2008 में हुआ था। दोनों पति-पत्नी के 5 वर्ष की बेटी और 2 वर्ष का बेटा है। किसी कारण से दोनों के बीच विवाद होने पर उसका पति उसकी बेटी को उससे छीनकर अलग रहने लगा और एक दूसरी महिला से विवाह कर लिया। दूसरी महिला द्वारा उसके पति के साथ करवाचौथ मनाते हुए फोटो भी सोशल मीडिया में अपलोड किया गया है, जिससे यह पता चलता है कि दोनों ने विवाह कर लिया है। आयोग ने जब दूसरे विवाह के बारे में अनावेदक से पूछा, तो वह गलती छिपाने का प्रयास करने लगा। इस पर आयोग ने अनावेदक को आदेश दिया है कि 24 दिसंबर को रायपुर में इस मामले में सुनवाई की जाएगी, जिसमें उसे बच्ची और दूसरी महिला के साथ उपस्थित होना है।

## रेलवे मालगोदाम के श्रमिकों के लिए पंजीयन की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश के अन्य हिस्सों के रेलवे जोन के श्रमिकों की तरह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ के सदस्यों का श्रम पंजीयन शुरू किया गया। रेलवे मालगोदाम के श्रमिकों जल्द न्याय मिले, इसको लेकर सबने पहल शुरू कर दी है। भारतीय रेलवे मालगोदाम श्रमिक संघ के राष्ट्रीय प्रभारी मनोरंजन कुमार एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. दिगंबर प्रसाद मेहता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर श्रम पंजीयन का उद्घाटन किया। इस मौके पर हजारों की संख्या में उपस्थित श्रमिकों को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी मनोरंजन कुमार ने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ का ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि संगठन के महामंत्री अरुण कुमार पासवान ने जो सपना श्रमिकों के लिए देखा था, वह आज संपन्न होने जा रहा है। इस समारोह में भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. दिगंबर प्रसाद मेहता ने श्रमिकों एवं सभी पदाधिकारियों में जोश भरते हुए कहा कि पूरे देशभर में कार्यरत श्रमिकों की प्रत्येक जोनल, डिवीजन एवं गुड शेड पर आमसभा कर, पदाधिकारियों का चयन कर डाटा बेस गुड शेड से लेकर जोनल स्तर तक जमा करने का निर्देश जारी किया। आगे उन्होंने कहा कि भारत सरकार की ओर से मिलने वाली अन्य सुविधाओं को भी श्रमिकों के हित में जल्द लागू किया जा सके। इस कार्यक्रम में हिम बहादुर सोनार, हेमंत कुमार साहू, कोकिल कंठ गोगोई, संतोष घोराट, सुनील पाटिल सहित छत्तीसगढ़ राज्य के जोनल, डिवीजन, गोदामों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

■ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन में श्रम पंजीयन कार्य शुरू




## पेज 13 के शेष ...

### दांतों के डाक्टर के...

दंत चिकित्सकों के 2 पदों पर भर्ती के लिए दिसंबर के पहले सप्ताह से प्रक्रिया शुरू की गई है। इन पदों की पूर्ति के लिए आवेदन बुलाए गए हैं, जिसमें केवल दंत चिकित्सकों के दो पद के लिए 21 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किया है। इनमें रायपुर के साथ बिलासपुर, दुर्ग, जांजगीर-चांपा, जशपुर सहित अन्य जिलों के चिकित्सा अधिकारी शामिल हैं। वाक इन इंटरव्यू की प्रक्रिया पूरी करने के बाद इन आवेदकों के नाम पर दावा आपत्ति मंगाई गई है, जिसके बाद दो डाक्टरों को नियुक्ति दी जाएगी। भर्ती प्रक्रिया को दस दिन बीत चुका है, मगर क्लीनिकल विषयों से संबंधित चिकित्सा विशेषज्ञों ने शेष 19 पदों के लिए दिलचस्पी नहीं दिखाई है और इसके लिए अब तक एक भी डाक्टर ने अपना आवेदन नहीं किया है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि इसके लिए पदों की पूर्ति होने तक आवेदन आने का इंतजार किया जाएगा।

### शीतलहर के बन...

देर रात के बाद सुबह तक धुंध ने भी अपना असर दिखाया। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का कहना है कि दस साल में पहली बार ऐसा हुआ है, जब रायपुर समेत मध्य हिस्से में शीतलहर की स्थिति बनी है। अगले चौबीस घंटे में इसमें बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है।

### ठंड से राहत दिलाने...

दिया है। दरअसल, राजधानी सहित कई इलाकों में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कामकाज के सिलसिले में बाहर आने-जाने वाले से लेकर ठेला, गुमटी, रिक्शा चलाने वाले फुटपाथ पर गुजर बसर करने वाले इससे खासे प्रभावित हैं। बसस्टैंड, रेलवे स्टेशन, सरकारी अस्पताल, बाजार और शहर के प्रमुख चौराहों पर कंपकंपाते लोगों को अलाव की जरूरत महसूस हो रही है। ठंड से ठिठुर रहे लोगों को अलाव से राहत देने जोन स्तर पर व्यवस्था की गई है।

### कृषि विवि अब...

सही विकल्प का चुनाव छात्रों को करना होता था। प्रश्नपत्र को चार सेक्शन में बांटा जाता था। इनमें से प्रथम सेक्शन में 20 अंकों के सवाल पूछे जाते थे। बहुविकल्पीय के अलावा इसमें कई बार जोड़ी मिलान के सवालों को भी जगह दी जाती थी। अब यह सेक्शन मात्र 10 अंकों का ही होगा। इसमें छात्रों को किसी तरह का कोई विकल्प नहीं दिया जाएगा। पूछे गए सवालों का जवाब छात्रों को एक लाइन में देना होगा। विद्यार्थियों को नए पैटर्न की जानकारी दे दी गई है। दिसंबर-जनवरी में होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं से ही इसे लागू किया जा रहा है।

### पहली बार अर्द्धवार्षिक...

बाद वार्षिक परीक्षाओं के लिए रूपरेखा तैयार की जाएगी। गौरतलब है कि पिछली कुछ शैक्षणिक सत्रों में राजधानी के छात्रों का प्रदर्शन बोर्ड परीक्षाओं में विशेष उल्लेखनीय रहा है। टॉप-10 में भी अन्य जिलों की तुलना में राजधानी के छात्र लगातार पिछड़ रहे हैं। राजधानी के विद्यार्थियों को टॉप-10 में शामिल करने और उनका प्रदर्शन बेहतर करने के लिए ये कवायद हो रही है। नतीजों की उचित रूप से समीक्षा हो सके, इसलिए इस बार ऑनलाइन व्यवस्था की गई है।

### दो छात्राओं ने छोड़ी...

संभवतः दूसरे राउंड की काउंसिलिंग में पसंदीदा दूसरी सीट मिलने की आस में एडमिशन नहीं लिया। रायपुर की खाली सीट यूआर और बिलासपुर की एसटी श्रेणी की है। दोनों सीटों को अब सेकेंड राउंड की काउंसिलिंग में शामिल किया जाएगा। इसके लिए पीजी छात्रों को 17 दिसंबर को दोपहर दो बजे तक का मौका दिया गया है। अब राज्य में एमडी-एमएस की 273 सीट खाली हैं। इसमें निजी मेडिकल कालेजों की 95 और शासकीय कालेजों की 178 पीजी की सीट शामिल हैं।

### पुलिस जवान के साथ...

दिया। पुलिसकर्मी के साथ चाकू से केक काटने वाले बदमश का नाम साहिल रक्सेल है। साहिल ने अपना बर्थडे कब मनाया, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिसकर्मी के साथ चाकू से केक काटने का वीडियो रविवार को इंस्टाग्राम में अपलोड किया गया था, जिसे उसने बाद में डिलीट कर दिया। बदमाश द्वारा पुलिसकर्मी के सामने चाकू से केक काटे जाने तथा पुलिसकर्मी का उस निगरानी बदमाश के बर्थडे में शामिल होने के सवाल पर एएसपी सिटी लखन पटले का कहना है कि मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एएसपी ने साहिल के रिकार्ड की भी जांच करने की बात कही है। ***बदमाश के साथ दिख रहा जवान लाइन में तैनात :*** बदमाश के साथ बर्थडे सेलिब्रेशन करता दिख रहा पुलिसकर्मी लाइन का बताया जा रहा है। लाइन में तैनात पुलिसकर्मी का बदमाश के साथ किस तरह के संबंध है, पुलिस अफसर इस बात की जांच करने की बात कह रहे हैं। चाकू से केक काटे जाने के सवाल पर एएसपी सिटी ने बदमाश के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है। साथ ही वीडियो कब का है, इसकी भी जानकारी जुटाने की बात अफसर ने कही।

### 7 सत्रों में रविवि...

रुपए मिले, जिस पर 25 लाख 78 हजार जीएसटी लगाया गया है। सत्र 2019-20 में मिले 49 लाख 69 हजार पर 24 लाख 84 हजार जीएसटी लगाई गई। 2020-21 में 50 लाख 77 हजार की राशि पर 23 लाख 75 हजार जीएसटी, 2021-22 में 51 लाख 77 हजार संबद्धता शुल्क पर 22 लाख 52 हजार, 2022-23 में 53 लाख 76 हजार संबद्धता शुल्क पर 21 लाख 64 हजार तथा वर्तमान शैक्षणिक सत्र में प्राप्त 55 लाख 50 हजार संबद्धता शुल्क पर 20 लाख 54 हजार जीएसटी लगाया गया है।

### प्राचार्य बैठक ...

के साथ ही रविवि ने महाविद्यालयों को संबद्धता शुल्क पर जीएसटी देने का भी निर्देश दिया। महाविद्यालयों से जीएसटी राशि प्राप्त होने के बाद रविवि द्वारा इसे राज्यकर विभाग को सौंपा जाएगा।






## ख़बर संक्षेप

### पटवारियों ने किया ऑनलाइन कामकाज का बहिष्कार

रायपुर। इंटरनेट, कम्प्यूटर सिस्टम-लैपटॉप जैसे ऑनलाइन संसाधन व भत्ता की मांग को लेकर प्रदेशभर के पटवारी सोमवार से ऑनलाइन काम का बहिष्कार कर दिए हैं, वहीं तहसीलदार व पटवारियों का संयुक्त रूप से बने वाट्सएप ग्रुप से भी लेफ्ट हो गए हैं। इस वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पटवारियों को तहसीलदारों द्वारा ऑनलाइन राजस्व से संबंधी कार्य करने आदेश दिए जाते थे। ग्रुप से लेफ्ट होकर पटवारियों ने इस आदेश का बहिष्कार किया है। इससे पूर्व पटवारियों ने काले रंग के कपड़े पहनकर विरोध जता चुके हैं।

### नारायण ईस्ट कोस्ट रेलवे के परामर्श दात्री समिति के बने सदस्य



रायपुर। ईस्ट कोस्ट रेलवे के क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्श दात्री समिति जेडआरयूसी में नारायण भूषणिया को रेल मंत्रालय ने सदस्य के रूप में नामांकित किया है। श्री भूषणिया का कार्यकाल 1 अक्टूबर 2024 से 30 सितंबर 2026 तक 2 वर्ष की अवधि के लिए होगा।

### नगर निगम के नियमित और प्लेसमेंट अधिकारी, कर्मचारी आज सामूहिक अवकाश पर

रायपुर। नगर पालिक निगम रायपुर अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के आव्हान और सामूहिक निर्णय के बाद नगर निगम रायपुर के नियमित व प्लेमेंट स्थापना के अधिकारी कर्मचारी 17 दिसंबर को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। नगरीय निकायों में प्लेसमेंट कर्मचारियों की वेतन विसंगति, नियमित कर्मचारियों की पुराने पेंशन योजना लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर लामबंद कर्मचारी 11 बजे निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर हड़ताल पर जाएंगे।

# गणित के बाद अब विज्ञान भी 'स्टैंडर्ड और बेसिक', छात्र चुन सकेंगे सरल या कठिन पाठ्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कक्षा दसवीं के विद्यार्थी अब सरल अथवा कठिन विज्ञान का चुनाव कर सकेंगे। ना सिर्फ विज्ञान, बल्कि सामाजिक विज्ञान में भी छात्रों को यह विकल्प दिया जाएगा। अब तक सीबीएसई दसवीं कक्षा में गणित के विद्यार्थियों को ही ये विकल्प प्रदान करता रहा है, लेकिन दो सत्र बाद शैक्षणिक सत्र 2026-27 से विद्यार्थियों को विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में भी स्टैंडर्ड और बेसिक का विकल्प प्रदान किया जाएगा। इसके अनुसार पाठ्यक्रम की रूपरेखा बनाई जाएगी। ना सिर्फ दसवीं, बल्कि नवमी के विद्यार्थियों को भी यह विकल्प देने पर विचार किया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, इन विषयों को दो लेवल पर पेश करने का फैसला सीबीएसई की करिकुलम समिति की हाल ही में हुई बैठक में लिया गया। बोर्ड की गवर्निंग बॉडी, जो इसका सर्वोच्च फैसला लेने वाली अथॉरिटी है द्वारा फाइनल मंजूरी दिए जाने के बाद इस पर कार्य शुरू किया जाएगा। अगले सत्र में इसे लागू नहीं किया जाएगा। नवमी और दसवीं दोनों ही कक्षाओं में इसे एक साथ लागू किया जाएगा।

- अब तक गणित विषय में ही दी गई थी विद्यार्थियों को यह सुविधा
- दो सत्र बाद शैक्षणिक सत्र 2026-27 से नई व्यवस्था लागू करने की तैयारी




#### समान है सिलेबस

यह सुझाव दबाव और कोचिंग कल्चर को कम करने के लिए पॉलिसी के प्रयास का हिस्सा है। वर्तमान में दसवीं कक्षा में ही विद्यार्थियों को बेसिक और स्टैंडर्ड का विकल्प दिया जा रहा है। गणित (स्टैंडर्ड) और गणित (बेसिक) चुनने वाले स्टूडेंट्स के लिए सिलेबस समान है, लेकिन बोर्ड परीक्षा में पेपर और सवालों की कठिनाइ का लेवल अलग-अलग होता है। यह सिस्टम 2019-20 एकेडमिक ईयर में शुरू की गई थी। सीबीएसई के आंकड़ों के मुताबिक, 2023-24 की परीक्षा में बेसिक लेवल के लिए 6,79,560 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जबकि स्टैंडर्ड लेवल के लिए 15,88,041 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

#### अलग स्टडी मटेरियल का इस्तेमाल

एडवांस्ड और बेसिक लेवल का ऑप्शन चुनने वाले स्टूडेंट्स अलग स्टडी मटेरियल का इस्तेमाल करेंगे या केवल उनकी परीक्षा ही अलग होगी, इस पर भी मंथन होगा। सूत्रों के मुताबिक, सीबीएसई राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा नई टैक्टबुक्स के जारी होने का इंतजार कर रहा है, जो अपडेट नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क के अनुरूप है। एनसीईआरटी ने पिछले साल कक्षा पहली और दूसरी के लिए तथा इस साल कक्षा तीसरी और छठवीं के लिए नई टैक्सटबुक जारी की थी। नया एकेडमिक सेशन शुरू होने से पहले 2025 की शुरुआत में कुछ और कक्षाओं के लिए किताबें जारी होने की उम्मीद है।

## सिलतरा व उरला में स्थानीय युवाओं को नौकरी नहीं, बाहरी को दे रहे प्राथमिकता



- प्रदेश के प्रत्येक जिले में यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन, गिनाई अपने क्षेत्र की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस द्वारा चरणबद्ध स्तर पर प्रदर्शन के निर्णय के अंतर्गत सोमवार को यूथ कांग्रेस ने धरना-प्रदर्शन किया। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं के संदर्भ में यूथ कांग्रेस के सदस्यों ने जानकारी देते हुए समाधान की मांग की। राजधानी में भी युवा कलेक्टरेट पहुंचे। इस दौरान राजधानी में विभिन्न अव्यवस्थाओं के कारण लोगों को हो रही असुविधा, बढ़ते अपराध के विषय में यूथ कांग्रेस ने कार्रवाई की मांग। यूथ कांग्रेस ने कहा, सिलतरा व उरला औद्योगिक क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। इसके स्थान पर बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है। लगातार राजधानी के सड़कों पर जाम की स्थिति नजर आती है। 2 किलोमीटर का सफर तय करने में घंटे का समय लग जाता है। इस दौरान प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला, सागर वाघमारे, आशिक कुजूर, अभिलाषा पोएम, विनोद कश्यप, सजल चंद्राकर, तुषार गुहा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

#### 500 रुपए में नहीं मिल रहा सिलेंडर

प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा, हमने प्रदेश के प्रत्येक जिलों में जिला मुख्यालय में जाकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। प्रदेश में अपराध एक साधारण बात हो गई है। चाकूबाजी की घटना एक आम खबर लगने लग गई है। प्रदेश में मेडिकल नशा बड़ी आसानी के साथ सभी दुकानों में उपलब्ध हो जा रहा है। इसके कारण अपराध एवं लूट और चोरी की घटनाएं राजधानी समेत पूरे प्रदेश में बढ़ गई है। आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार को एक वर्ष हो गए हैं।

### एमआईसी की बैठक में 11 प्रस्तावों पर लगी मुहर

## दर्जनभर से ज्यादा जगहों पर बनेंगे नए शौचालय, 2 स्थानों पर नई लाइब्रेरी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में सोमवार को गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। इसमें 11 एजेंडों पर परिषद के सदस्यों ने विचार-विमर्श कर प्रस्ताव को मंजूरी दी। इन प्रस्तावों के तहत शहर में 13 स्थानों पर आम जनता की सुविधा के लिए 6 और 10 सीटर नए शौचालय निर्माण, राजधानी में नालंदा की तर्ज पर दलदल सिवनी के साइंस सेंटर के पीछे स्थित खाली जगह पर 2 मंजिला नई लाइब्रेरी और नालंदा परिसर में 1000 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था, नया लाइब्रेरी भवन बनाने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई। एक अन्य प्रस्ताव में राजधानी के आउटर वार्ड स्थित फुंडहर में टेनिस एकेडमी के पास रिक्त भूमि पर इंडोर स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव एमआईसी में पारित हुआ।

युवाओं के लिए नए साल में 2 नई लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। कुशाभाउ ठाकरे वार्ड स्थित दलदल सिवनी में साइंस सेंटर के पीछे खाली पड़ी जगह पर 500 सीटर लाइब्रेरी बनाई जाएगी। इसी तरह जीई रोड स्थित नालंदा परिसर के पीछे 2 फ्लोर वाली सर्वसुविधा युक्त लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाएगा। नगरीय प्रशासन के तकनीकि प्रकोष्ठ द्वारा 2 जगहों पर नई लाइब्रेरी निर्माण कराया जाएगा। मेयर इन काउंसिल की बैठक में नई लाइब्रेरी निर्माण संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इससे आने वाले दिनों में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने और शैक्षणिक अध्ययन संबंधी कार्य में सहूलियत मिलेगी। एमआईसी की बैठक में नामकरण, स्थल परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव के अलावा फुंडहर में टेनिक एकेडमी के पास रिक्त भूमि पर इंडोर स्टेडियम बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इंडोर स्टेडियम में 1 बास्केट बाल कोर्ट, 3 बैडमिंटन कोर्ट, 1 बाक्सिंग कोर्ट, 1 टेबल टेनिस कोर्ट के अलावा खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम बनाया जाएगा।

बैठक में एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, श्रीकुमार मेनन, समीर अख्तर,रितेश त्रिपाठी, आकाश तिवारी, जितेन्द्र अग्रवाल, सुरेश चन्नावार, सुंदर जोगी, द्रोपती पटेल, अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, अपर आयुक्त विनोद पांडे सहित जोन कमिश्नर व विभागीय अधिकारी उपस्थत रहे।



*6 सीटर शौचालय इन जगहों पर प्रस्तावित्र*
- 0 पुरानी बस्ती क्षेत्र में दूधाधारी मठ के पास
- 0 विद्याचरण शुक्ल वार्ड में एजेंसी पार्क के पास
- 0 महादेवघाट के पास.

**10 सीटर शौचालय इन जगहों पर**
- 0 तेलीबांधा तालाब के पास
- 0 स्वामी विवेकानंद सरोवर के पास
- 0 कटोरातालाब के पास
- 0 कालीमाता मंदिर के पास
- 0 महामाया मंदिर के पास
- 0 भाठागांव बस स्टेंड के पास
- 0 राम मंदिर के पास
- 0 जीई रोड में नालंदा परिसर के समीप
- 0 समता कालोनी क्षेत्र में खाटू श्याम मंदिर के पास
- 0 जगन्नाथ मंदिर के पास

*13 जगहों पर नए शौचालय बनाने का प्रस्ताव : स्वच्छ भारत मिशन के तहत राजधानी में 13 स्थानों पर 6 सीटर और 10 सीटर नया शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। शौचालय के साथ यूरिनल निर्माण के लिए ई टेडरिंग कर निविदा निकाली जाएगी। अनुबंधित कंपनी 5 साल तक शौचालय के संधारण व संचालन का कार्य करेगी। आकांक्षीय शौचालय शहर के 3 स्थानों पर 6 सीटर औश्र 10 जगहों पर 10 सीटर नए शौचालय का निर्माण संबंधी प्रस्ताव को एमआईसी ने पारित किया है।*

## स्वच्छता दीदी, निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों की रैली विस घेरने निकले, पुलिस ने रोका




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- 3 संगठनों ने एक साथ किया विरोध प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर 3 अलग-अलग कर्मचारी संगठनों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ स्वच्छता दीदी महिला, पुरुष महासंघ के आव्हान पर बड़ी संख्या में कर्मचारी धरना स्थल से विधानसभा घेराव के लिए रैली निकले। ताली पीटकर कलेक्टर दर पर मानदेय की मांग कर रही स्वच्छता दीदी ने शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने जमकर हल्ला बोला। विधानसभा घेराव के लिए लिए हड़ताली कर्मचारियों को पुलिस प्रशासन ने रास्ते में ही रोक दिया। वहीं छत्तीसगढ़ नगरीय प्लेसमेंट कर्मचारी और निकाय के नवनियुक्त कर्मचारी अधिकारी महासंघ के आंदोलन में प्रदेश के दूरदराज से आए कर्मचारी शामिल रहे। सोमवार को धरना स्थल पर कर्मचारियों के धरना प्रदर्शन के कारण खासी गहमागहमी देखने को मिली। प्रदेशभर से स्वच्छता दीदी अपनी लंबित मांगों को लेकर विधानसभा घेराव के लिए एकत्रित हुईं। हाथों में बैनर पोस्टर लेकर बड़ी संख्या में स्वच्छता दीदी महिला व पुरुष महासंघ के बैनर तले महिलाओं ने विधानसभा घेराव के लिए धरना स्थल से रैली निकाली। इसके साथ ही प्रदेशभर से नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी निकायों में ठेका प्रथा समाप्त कर निकायों में समायोजन कर विभाग से वेतन भुगतान की मांग करने बड़ी संख्या में एकजुट हुए। सरगुजा, दुर्ग, बिलासपुर, रायपुर और बस्तर संभाग से भी निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी धरना स्थल पर प्रदर्शन करने पहुंचे।

## बिजनेस साइट

### सेंट्रल बैंक रायपुर अंचल का अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट



रायपुर। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के रायपुर अंचल द्वारा आयोजित अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन रायपुर के नेताजी सुभाष स्टेडियम में हुआ। इस टूर्नामेंट में पांच टीमों अंबिकापुर, भुवनेश्वर, संबलपुर, रायपुर-1 और रायपुर-2 ने भाग लिया। टूर्नामेंट में कुल पांच टीमें शामिल थीं, जिनमें अंबिकापुर क्षेत्र ने रायपुर-1 को 11 रन से हराकर चैंपियनशिप जीती। समारोह में मुख्य अतिथि बीआर रामाकृष्ण नाइक, रायपुर अंचल (सीजी और ओडिशा) के अंचल प्रमुख थे। उन्होंने विजेता टीम को बधाई दी और खिलाड़ियों के बीच उत्कृष्ट खेल भावना को भी सराहा। इस अवसर पर राजकिशोर केरकेट्टा, पंकज कुमार, राजेश कुमार सिंह, देव्येंदु कुमार, रंधीर कुमार और विजय सिंह शामिल रहे।

### पंचकर्म की पांच मुख्य प्रक्रियाओं में 'बस्ती' सबसे शक्तिशाली




रायपुर। गायत्री नगर स्थित 'श्री श्रेयन आयुर्वेद पंचकर्मा और वेलनेस सेंटर' आयुर्वेद और पंचकर्म के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान कर रहा है। यह सेंटर वैद्य डॉ. पल्लवी क्षीरसागर द्वारा संचालित है, जो पुणे से आयुर्वेद में एमडी हैं और विशेष रूप से पंचकर्म और आयुर्वेदिक चिकित्सा में विशेषज्ञता रखती हैं। डॉ. पल्लवी क्षीरसागर ने बताया कि आयुर्वेद में पंचकर्म की पांच मुख्य प्रक्रियाएं होती हैं, जिनमें बस्ती को सबसे शक्तिशाली उपचार माना जाता है। बस्ती उपचार को आयुर्वेद में 'सभी उपचारों का आधा' कहा जाता है, जो बृहदान्त्र में हर्बल काढ़े और औषधीय तेलों को मलाशय के माध्यम से डालने की प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने में मददगार है। बस्ती का उपचार विशेष रूप से पुरानी कब्ज, कमरदर्द, पीसीओडी, साइटिका, गठिया, गाउट, होमिप्लेजिया, मल्टीपल स्केलेरोसिस, नसों और मांसपेशियों की समस्याएं, मिर्गी, मानसिक मंदता और बांझपन जैसी बीमारियों के लिए प्रभावी माना जाता है।

### बीओसीआई के चुनाव में गरचा बने अभा स्कूल बस विभाग के प्रभारी



रायपुर। बस एवं कार ऑपरेटर्स कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीओसीआई) द्वारा 9 दिसंबर को मुंबई में आयोजित चुनाव में बस ऑनर्स फेडरेशन ऑफ छत्तीसगढ़ के सदस्य नवशरण सिंग गरचा को सर्वसम्मति से अखिल भारतीय स्कूल बस विभाग का प्रभारी निर्वाचित किया गया है।

### सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों को मिला लाखों का पैकेज



रायपुर। सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आयोजित कैंपस सलेक्शन प्रक्रिया में इस वर्ष भी छात्रों को शानदार अवसर मिले हैं। फाइनल ईयर की परीक्षा के पहले ही छात्रों को ऑफर लेटर मिल गए, जिससे उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। विभिन्न अस्पतालों द्वारा साक्षात्कार लिया गया और छात्रों का चयन किया गया। इस कैंपस सलेक्शन के माध्यम से कई विद्यार्थियों ने फाइनल ईयर से पहले ही नौकरी प्राप्त कर ली। कॉलेज के प्राचार्य पुष्पेंद्र कर्ष और एलिश प्रकाश ने छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

### गोदावरी पॉवर एंड इस्पात लिमिटेड की मेजबानी में एमईएमसी समारोह




रायपुर। माइन्स डिवीजन गोदावरी पॉवर एंड इस्पात लिमिटेड की मेजबानी में आईबीएम रायपुर क्षेत्र के तत्वावधान में 8वां खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण सप्ताह (एमईएमसी) फ्लैग ऑफ समारोह बेबीलोन इंटरनेशनल में धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में प्रेम प्रकाश, डी. दास, विनोद पिल्लई, प्रखर अग्रवाल और जीआर वर्मा, उपस्थित थे। इस वर्ष का 8वां एमईएमसी सप्ताह का विषय 'इनोवेशन इन माइनिंग' रखा गया था, जिसका उद्देश्य खनन क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और पर्यावरण सुरक्षा उपायों के महत्व को बढ़ावा देना था।

### आनंद मेले की कमाई से बनेंगी 8 कक्षाएं और एक टॉयलेट ब्लॉक



रायपुर। रायपुर कैपिटल राउंड टेबल 241, समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर काम कर रही एक संस्था है, जो विशेष रूप से शिक्षा और समाजिक उत्थान के क्षेत्र में सक्रिय है। इसी दिशा में रायपुर कैपिटल राउंड टेबल 241 ने आनंद मेला 5.0 का आयोजन करने का निर्णय लिया है। आय का उपयोग शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुरुद में 8 नई कक्षाओं और एक टॉयलेट ब्लॉक के निर्माण के लिए किया जाएगा। यह आयोजन 22 दिसंबर को रायपुर के वीआईपी रोड स्थित गौरव गार्डन में दोपहर 1 बजे से शुरू होगा।









# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 17 दिसंबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




02 बिहार के मुनगे से बनी सिल्क साड़ी की ....

## लाइव इवेंट

### स्कूल के किचन गार्डन में हर सप्ताह लगवा रहे पौधे, बच्चे करते हैं देखभाल



**रायपुर।** प्राथमिक विद्यालय देवपुरी में हर शनिवार को पर्यावरण प्रेमी संगठन की ओर पौधारोपण कार्यक्रम रखा जाता है। विगत दो वर्षों से यह क्रम चल रहा है। संगठन के साथ स्कूल के बच्चे पौधों की देखभाल करते हैं। इस क्रम में डॉ. सियाराम साहू पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त, विधायक, संसदीय सचिव व पूर्व अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग ने मुनगे का पौधा लगाया। उन्होंने कहा कि प्राणीमात्र के जीवन के लिए पौधों की आवश्यकता है। स्कूल परिसर में बनाए किचन गार्डन की प्रशंसा करते हुए कहा कि किचन गार्डन में मुनगे का पौधा लगाते हुए उन्हें बेहद प्रसन्नता हो रही है। उम्मीद है भविष्य में इस पौधे के फल और पत्ते मध्यान्ह भोजन में बच्चों के काम आएंगे। उन्होंने पर्यावरण प्रेमी संगठन के कार्यों की भी मुक्त कंठ से सराहना की।

#### मध्यान्ह भोजन में सब्जियों का उपयोग

साथ ही ग्रीन आर्मी के सदस्यों से परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेमी संगठन के जिला अध्यक्ष वेदव्यास मिश्रा, केके सिंह, विद्याभूषण दुबे, विजय शेवलकर, पूर्व और माध्यमिक शाला के प्राचार्य द्वय सविता शिंदे, एमएल साहू, शिक्षिका ममता देवांगन, नम्रता कोसले, श्रीमती एक्का, ऋचा देवांगन, अनीता तिवारी, मधु साहू, रेखा महिलांग, हेमलता वर्मा, अनामिका मेश्राम, रेणु शर्मा, ग्रीन आर्मी रायपुर के अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा, विनय चौरे, राजू लाल यादव, मोनिका बागरेचा सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे। इस अवसर पर शाला की प्राचार्य सविता शिंदे और उनके स्टाफ द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सियाराम साहू का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया गया।

## कमला देवी संगीत महाविद्यालय ने अंतिम दिन किया ओपन स्टेज, रंग मंदिर में स्टूडेंट डे सेलिब्रेशन

# गुरुओं के सुर पर नृत्य कर बांधा समां हर दौर के गीतों से सजा स्टूडेंट डे



सुगम संगीत, वादन के साथ रीमिक्स गीतों पर बेजोड़ डांस ने रंग मंदिर की कुर्सियों पर जमे दर्शकों को खुशनुमा माहौल दिया। हर दौर के गीतों को सुरों में पिरोने के साथ ही राजस्थानी, आदिवासी ग्रुप डांस से लोगों को उत्साह से भर दिया। इससे पहले दो दिनों तक जहां अलग-अलग विधा में नृत्य व संगीत की तालीम लेने और देने वाले गुरुओं ने सुरों के साथ ही सधे कदमों से नृत्य के दौरान ताल से ताल मिलाई।

**रायपुर।** वैसे तो शहर के कॉलेजों में वार्षिकोत्सव समारोह चल रहे हैं। इनमें कमला देवी संगीत महाविद्यालय का आयोजन हर साल खास होता है। इसका इंतजार करने वालों में गीत-संगीत से जुड़ा एक बड़ा वर्ग है। इस बार भी तीन दिवसीय आयोजन में पहले, दूसरे दिन सुगम संगीत और कथक सहित कई शैलियों में नृत्य प्रस्तुति दी गई। वहीं सोमवार को शाम 5 से रात 9 बजे तक स्टूडेंट्स ने स्टेज की कमान संभाली। प्रोग्राम गरिमामय बना रहे, इसलिए प्राचार्या डॉ. आरती सिंह, पूर्व प्राचार्य डॉ. विद्यानाथ सिंह, डॉ. एम. श्रीराम मूर्ति भी दर्शक दीर्घा में रहे। साथ ही मंच पर प्रस्तुति देने वाले स्टूडेंट्स के फैमिली मैंबर्स उनका हौसला बढ़ाने के लिए मौजूद थे।



### होलिया में उड़े..., ने जमाया रंग

सुमित तिवारी, ओझल अग्रे, ऋषिता शुक्ला, कमल साहू और उज्ज्वल ठाकुर ने स्टूडेंट्स को मंच से जोड़ने के लिए एक कड़ी का काम किया। वहीं 200 स्टूडेंट्स ने भारतीय शास्त्रीय संगीत के साथ बॉलीवुड, वेस्टर्न जॉनर के गीतों और नृत्य में अपनी प्रतिभा दिखाई। इस क्रम में सांस्कृतिक प्रभारी आकांक्षा दुबे के मार्गदर्शन में होलिया में उड़े रे गुलाल..., राजस्थानी फोक डांस से दर्शकों के बीच रंग जमाने का काम किया। इसके बाद नमिता गुप्ता ने रस्मे उल्फत...की प्रस्तुति देते हुए लोगों से वाहवाही लूटी।

### रिकार्डिंग और फोटो का चला दौर

स्टूडेंट डे के दौरान स्टेज पर जैसे ही प्रतिभागी प्रस्तुति के लिए आते थे, उनके परिजन ही नहीं, बल्कि ग्रुप के लोग मोबाइल में वीडियो रिकार्डिंग करते और अलग-अलग एंगल से फोटो बनाने में भी व्यस्त नजर आए। शाम 6 बजे के बाद दर्शक दीर्घा में लोगों की भीड़ बढ़नी शुरू हुई। इसके पहले भी रंग मंदिर की ज्यादातर कुर्सियों पर लोग जमे थे। इनके मनोरंजन में भी संगीत के फनकारों ने कोई कसर नहीं छोड़ी।

### इनकी संगत से सजा उत्सव

गीत-संगीत की इस महफिल को रंगत देने की जिम्मेदारी हारमोनियम पर युगल सोनी, तबला पर संगत करते हुए कमल साहू और जयंत चौहान ने सुर और ताल के मेल से उत्सव को रंगीन करने में भी अहम भूमिका निभाई। वहीं ऑक्टोपैड पर भूपेश साहू और गिटार पर पप्पू ठाकुर के साथ ढोलक पर तुषार साहू ने ताल से ताल मिलाने में कड़ी की तरह काम किया। की-बोर्ड की कमांड कैलाश यादव ने संभालते हुए हर प्रतिभागी की प्रस्तुति को यादगार बनाने में सहयोग दिया।





#### गीतों से सजे उत्सव में झूमे..

मंच संचालन से जुड़े युवाओं ने डीवी मिश्रा को आवाज दी तो उन्होंने मैंने जो था कहा वो सुनता रहा.. गीत पेश किया। इनके बाद निखिल सोनी ने संवारे फ्यूजन..., और प्रांजल ने भर्तहरी गीत पर प्रस्तुति देते हुए दर्शकों का मनोरंजन किया। वहीं अगले क्रम में विनीत वर्मा ने तेरे मेरे सपने... गीत से और आंचल वर्मा ने आओगे जब तुम ओ साजना... गीत पर डांस पेश किया। वरुण पदमवार ने मेरे मितवा मेरे मीत रे..., पारोमिता ने कजरा मोहब्बत वाला... और आर्यमन सिंह चौहान ने गुलाबी शरारा....की प्रस्तुति से उत्सव में धूम मचाई।

# संविधान की शपथ लेकर करनी है प्रशासनिक नौकरी, हर परिस्थिति में जरूरी है विनम्र होना

**रायपुर।** अधिकारी को अपने कार्यक्षेत्र में कानून और प्रशासनिक दिशा-निर्देश की हद में रहते हुए लोगों की सेवा करते हुए उनकी आकांक्षाओं को पूरा करना होता है। आप लोग पीएससी परीक्षा पास कर चुके है, आगे सेवा के क्षेत्र में जाएंगे। इससे पहले काम के दौरान आने वाली चुनौतियों को जानना बेहद जरूरी है। साथ ही पब्लिक के बीच में अधिकारी का विनम्र होना भी जरूरी है। ये बातें रविवार को संस्था युवा में सीजी पीएससी परीक्षा में सफल प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान एक्सपर्ट ने कही। वहीं संस्थापक एम. राजीव ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य सफल युवाओं को उनके परिश्रम, दृढ़ निश्चय और लगन के लिए सम्मान देना है। साथ ही जो युवा पीएससी परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, उन्हें प्रेरित करना है।



### विवेक से निर्णय लें, होंगे सफल

*विशिष्ट अतिथि उदयभान सिंह चौहान ने सफल छात्रों से कहा कि विनम्र रहने के साथ ही कार्यक्षेत्र में विवेक से निर्णय लेने वाले ही सफल अधिकारी बनते हैं। इस वर्ष सीजी-पीएससी में सफल हुए त्रिलोक जंघेल, शैलेंद्र बांधे, योगेंद्र निर्मल, मोनिका वर्मा, नागेश साहू प्रमुख हैं। लोकश्री श्रीवास, शिवम देवांगन, खुशबू साहू, मुकेश यदु और प्रतिभा सिंह को अतिथियों ने शॉल, श्रीफल, सूत की माला, पुष्पगुच्छ और प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। अंत में द्रोहित शिवहरे ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।*

### दायित्वों का निर्वहन करना होगा

मुख्य अतिथि डॉ. अशोक पाण्डे ने अपने संघर्षों को याद करते हुए कहा कि शुरू में मुझे कई परीक्षाओं में असफलता मिली, लेकिन उन असफलताओं को चुनौतियों की तरह लिया और धैर्य बनाए रखा। इससे यूपीएससी परीक्षा में सफलता मिली। युवाओं से कहा कि अध्ययन में रुचि होने के कारण आईआईएम बेंगलुरु से एमबीए किया। भविष्य में कार्यक्षेत्र में आने वाले चुनौतियों के प्रति आगाह करते हुए कहा कि जिस संविधान की शपथ लेते हुए नौकरी करनी है, उसी संविधान के दायरे में रहते हुए दायित्वों का भी निर्वहन करना होगा।

# आनंद मेले में बनेंगे लजीज व्यंजन वार्षिकोत्सव में दिखेगी कला संस्कृति




**रायपुर।** प्रियदर्शिनी नगर स्थित संत ज्ञानेश्वर स्कूल का वार्षिकोत्सव और आनंद मेला गुरुवार 19 दिसंबर को चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में होगा। स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासद, समाजसेवी और प्रतिष्ठित व्यवसायी रोहित काले होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले करेंगे। स्कूल के सहप्रभारी नवीन देशमुख ने बताया कि इस वर्ष स्कूल का वार्षिकोत्सव चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल के सभागृह में आयोजित है। इसकी तैयारियां स्कूल प्रबंधन और महाराष्ट्र मंडल प्रबंधन में हो रही हैं। वार्षिकोत्सव के साथ महाराष्ट्र मंडल के दिव्यांग बालिका विकासगृह के सहायतार्थ आनंद मेला भी लगाया जाएगा। प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव को लेकर जहां बच्चों में उत्साह है, वहीं शिक्षकों में भी उत्साह बना हुआ है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी के साथ प्रस्तुति की अंतिम रूपरेखा तैयार की जा रही है। बच्चे अभी अपनी प्रस्तुति को लेकर पढ़ाई के बाद अभ्यास में जुटे हुए हैं।

## सिटी इवेंट

### नवोदय स्कूल के एंट्रेंस एग्जाम के लिए एडमिट कार्ड जारी, 18 जनवरी को फर्स्ट फेज




**रायपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं और 9वीं में दाखिले के लिए हर साल एंट्रेंस एग्जाम लिए जाते हैं। एकेडमिक सेशन 2025-26 के लिए चयन परीक्षा का आयोजन जल्द होना है। नवोदय विद्यालय समिति की ओर से कक्षा 6वीं के एंट्रेस टेस्ट के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। स्टूडेंट्स/पेरेंट्स जेएनवीएसटी की ऑफिशियल वेबसाइट **navodaya.gov.in** पर जाकर क्लास 6 जेएनवीएसटी 2025, समर-बॉन्ड के लिए एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। जेएनवीएसटी क्लास 6 में एडमिशन के लिए जेएनवीएसटी एंट्रेंस एग्जाम 2025 का आयोजन दो फेज में किया जाएगा। पहला 18 जनवरी 2025 को और दूसरा फेज 12 अप्रैल 2025 को होगा। एनवीएस एंट्रेस एग्जाम 2025 देने जा रहे स्टूडेंट्स के लिए एडमिट कार्ड एक अहम डॉक्यूमेंट है, इसलिए इस पर दी गई जानकारी अच्छी तरह से चेक करें। किसी भी तरह की गड़बड़ी होने पर अधिकारियों के ध्यान में लाया जाना जरूरी है।

#### हॉल टिकट को सावधानी से रखें

परीक्षा में एडमिट कार्ड लाना होगा और रिपोर्टिंग के दौरान पर्यवेक्षकों को दिखाना होगा। एनवीएस परीक्षा 2025 के नतीजे आने और प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने तक एडमिट कार्ड संभालकर रखें। हॉल टिकट को सावधानी से रखें, ताकि इसे किसी भी तरह का नुकसान न पहुंचे। याद रखें कि परीक्षा के दौरान हॉल टिकट पर कुछ लिखने या उसे फाड़ने की परमिशन नहीं है।

#### एडमिट कार्ड ऐसे करें डाउनलोड

पहले ऑफिशियल वेबसाइट **navodaya.gov.in** पर जाएं। होम पेज पर 'नवोदय एडमिट कार्ड 2025 कक्षा 6' लिंक चुनें। अब अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और जन्मतिथि दर्ज करें। स्क्रीन पर दिखाई देने वाले कैप्चा कोड टाइप करें और लॉगिन बटन चुनें। डैशबोर्ड पर 'नवोदय एडमिट कार्ड 2025 कक्षा 6' लिंक पर क्लिक करें। एडमिट कार्ड का प्रिंटआउट निकाल लें।

### सीआईएसएफ कांस्टेबल परीक्षा के लिए शेड्यूल जारी

रायपुर। सेंट्रल इंडस्ट्रीयल सिक्योरिटी फोर्स ने कांस्टेबल भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा शारीरिक मानक परीक्षा और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का शेड्यूल और हॉल टिकट जारी कर दिए हैं। उम्मीदवार 16 दिसंबर से आधिकारिक वेबसाइट **cis-frectt.cisf.gov.in** से अपने सीआईएसएफ भर्ती 2024 के एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। आधिकारिक नोटिफिकेशन के अनुसार 24 दिसंबर से 20 जनवरी तक देशभर के 35 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। भर्ती अभियान का उद्देश्य 1130 कांस्टेबल पदों को भरना है। कांस्टेबल के लिए चयन प्रक्रिया में शारीरिक दक्षता परीक्षण (पीईटी), शारीरिक मानक परीक्षण (पीएसटी), और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन (डीवी) शामिल है। इसके बाद लिखित परीक्षा, ओएमआर/ओबीटी और डिटेल्ड मेडिकल टेस्ट, डीएम/रिव्यू मेडिकल एग्जामिनेशन, आरएमई होगा।

## कार्नर न्यूज

## कमलादेवी संगीत महाविद्यालय के डॉ. दीपक बेड़ेकर ने उस्ताद जाकिर हुसैन से जुड़ी यादें कीं साझा

# अलविदा तबले के सरताज...,17 साल पहले रायपुर में डीजे की धुन को तबले पर सुनाया तो दर्शक कह उठे- वाह उस्ताद

*तबले की थाप से दुनिया का दिल जीतने वाले उस्ताद जाकिर हुसैन का सोमवार को निधन हो गया। पद्मश्री, पद्मभूषण, पद्मविभूषण और ग्रैमी अवॉर्ड से सम्मानित जाकिर हुसैन की यादें भी रायपुर से भी जुड़ी हैं, जो अब हमेशा के लिए अमर हो गईं।*

**रायपुर।** मंच पर उनकी मनमोहक प्रस्तुति अब भी लोगों के जेहन में है। खास बात ये है कि 17 साल पहले उस्ताद 2008 में 15 दिसंबर महीने में कमलादेवी संगीत महाविद्यालय परिसर में आयोजित डॉ. अरूण कुमार सेन स्मृति समारोह में प्रस्तुति देने पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में जाकिर हुसैन की जरूरतों का ध्यान रखने का जिम्मा कमलादेवी संगीत महाविद्यालय के डॉ. दीपक बेड़ेकर को दिया गया था। हरिभूमि से खास बातचीत में डॉ. बेड़ेकर ने उनसे जुड़ी यादें साझा कीं।




Photo Deepak

### अपना तबला खुद उठाकर मंच पर पहुंचे उस्ताद

उन्होंने बताया कि उस्ताद हुसैन अपने तबले से बेहद प्रेम करते थे। आमतौर कलाकार का तबला स्टूडेंट्स ही उठाते हैं और मंच तक लेकर जाते हैं, यही परंपरा रही है। जब रायपुर में उनकी प्रस्तुति होनी थी, उस दौरान मंच पर जाने से पहले उन्होंने अपने तबले का ताल मिलाया। जब उन्हें बताया कि 5 मिनट में कार्यक्रम शुरू हो रहा है, तब वे खुद ही अपना तबला लेकर मंच की ओर जाने लगे। हमने कहा कि आपका तबला हम ले चलते हैं। तब उन्होंने कहा, आप केवल मेरा बैग ले आओ, तबला में खुद लेकर जाऊंगा। क्रिकेट का उदाहरण देते हुए कहा था कि क्रिकेट में सचिन को भी बैट से अलग देखा है क्या? अपनी कला से प्रेम करो। देश के सबसे बड़े तबला वादक उस्ताद की यह बात आज भी मुझे याद है। ऐसा केवल जाकिर हुसैन ही कर सकते थे।

### दूसरे राज्यों और शहरों से भी पहुंचे थे श्रोता

उस्ताद जाकिर हुसैन का कार्यक्रम खास संगीत प्रेमियों के लिए रखा गया था। प्रवेश निशुल्क था। वे भी चाहते थे कि कार्यक्रम में संगीत की समझ रखने वाले श्रोता आएं। इसलिए सीमित लोगों को आमंत्रित किया गया था। 2008 में उन्होंने रायपुर में अंतिम प्रस्तुति दी थी। उस दौरान कमलादेवी महाविद्यालय में 2 हजार से अधिक लोग उनकी प्रस्तुति सुनने पहुंचे थे, जिसमें नागपुर, रायगढ़, खैरागढ़ समेत अन्य जिलों व राज्यों से भी लोग पहुंचे थे। दर्शक दीर्घा खचाखच भरी हुई थी। 2 घंटे की लगातार प्रस्तुति से जाकिर हुसैन ने तबले की थाप से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया था।

### जब डीजे की धुन तबले की ताल में सुनाई

जाकिर हुसैन तबले पर रचनात्मक प्रस्तुति देते थे। रायपुर में प्रस्तुति के दौरान वे मंच पर मौजूद थे, उस वक्त सड़क से डीजे गुजर रहा था। आशीर्वाद भवन में शादी हो रही थी, जिसकी आवाज मंच तक पहुंच रही थी। तब उस्ताद ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत डीजे की धुन से की। उन्होंने डीजे की धुन को तबले की ताल में बजाकर जब लोगों को सुनाया तो संगीत प्रेमी भी मुग्ध हो गए। संगीत के जानकारों का कहना है कि ऐसी कला बेहद मुश्किल से किसी को हासिल होती है, क्योंकि तबला वादन की अपनी अलग विधा होती है। तबला ताल में बजाया जाता है। डीजे की धुन को तबले की ताल में ढालना आसान नहीं था। यह अद्भुत कला भी उस्ताद जाकिर हुसैन में ही थी।

धर्म लाइव

## हरिद्वार से पहुंचा ज्योति कलश, 20 महीने तक गांव-शहरों में रथयात्रा



**रायपुर।** गायत्री परिवार हरिद्वार से समता कॉलोनी स्थित शक्तिपीठ पहुंचे मंगल कलश रथ को सजाने के बाद उसे छत्तीसगढ़ भ्रमण के लिए रविवार को रवाना किया गया। जोन प्रभारी सुखदेव निर्मलकर के साथ समन्वयक आदर्श वर्मा की मौजूदगी में रथ को पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने हरी झंडी दिखाई। इसमें गायत्री परिवार के परिजन जिले और ब्लॉक से आने के बाद शामिल हुए। इनके बीच श्री बैस ने कहा, बिना धर्म के कोई कुछ नहीं कर सकता। धर्म के विरुद्ध जो खड़ा हुआ, उनका सर्वनाश हुआ है। शांतिकुंज हरिद्वार के अपने बीते पल को याद करके कहा कि माताजी के हाथों प्रसाद ग्रहण किया, यह मेरे लिए भी सौभाग्य की बात है।

### गांव-गांव तक ज्योति कलश रथयात्रा

मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस, दीनानाथ शर्मा, हनुमान प्रसाद अग्रवाल के साथ सदाशिव हथमल, शैलेश वर्मा, सरला कोसरिया, लक्ष्मी वर्मा मौजूद थीं। प्रवक्ता राजेश शुक्ला ने बताया कि समता कॉलोनी से निकले ज्योति कलश रथ को टाटीबंध, कुम्हारी होते हुए सोमवार को भिलाई प्रवेश किया है। जहां गायत्री परिवार द्वारा जगह-जगह रथ का स्वागत किया जाएगा। प्रज्ञा प्रकाश निगम और अमित डोये ने बताया कि यह रथ 20 महीने प्रदेश के शहरों ही नहीं, बल्कि गांव-गांव में भ्रमण करेगा।

सिटी इवेंट

## एआई की मदद से एचआर के कार्यों में आई सुगमता, जटिलता को सरल करने हुई चर्चा



**रायपुर।** ग्लोबल एचआरडी नेटवर्क की ओर से वृंदावन हॉल में एचआर समिट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक एचआर के विशेषज्ञों व एचआर प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का विषय री-इमेजिन एचआर रखा गया था, जिसके अंतर्गत परंपरागत एचआर विचारधारा को नई तकनीकों व सोच को अधिक प्रभावी ढंग से अपनाने पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त नई तकनीक एआई की मदद से एचआर के कार्यों को सुगमता व तेजी से करने में सहायक होगी।

### संवेदनशील होकर काम करने की जरूरत

*कार्यक्रम में भविष्य में एचआर की चुनौतियां और कंप्लायंस की जटिलता चर्चा हुई। साथ ही एचआर अधिकारियों से मानवीय व संवेदनशील होकर काम करने की बात कही। कार्यक्रम में लगभग 50 कंपनियों के प्रमुखों ने भाग लिया। कार्यक्रम सफल को बनाने में कलिंगा यूनिवर्सिटी व रीयल ग्रुप के प्रमोटर्स और अन्य कंपनियों ने उत्साह से भाग लिया।*

आराधना

## गोपाल काला उत्सव में भजनों से किया भावविभोर, झूमे श्रद्धालु



रायपुर। पुरानी बस्ती स्थित प्राचीनतम दत्तात्रेय मंदिर में जारी नौ दिवसीय दत्तात्रेय जयंती महोत्सव में सोमवार को गोपाल उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर की दर्जनभर महिलाओं की भजन मंडलियों ने भक्तिपूर्ण गीतों एवं भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों के जरिए दत्त गुरु, श्याम प्रभु व भोलेनाथ के भजनों की आकर्षक प्रस्तुति से सभी को भावविभोर कर दिया। ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल ने बताया कि गोपाल काला उत्सव की परंपरा सैकड़ों साल पूर्व समाज में सामाजिक समरसता का भाव जगाने के लिए प्रारंभ की गई थी। इसलिए यहां आने वाली प्रत्येक महिला अपने घर से लाई, चिवड़ा, दही, मक्खन, हरी मिर्च, काली मिर्च, धनिया पत्ती, अचार, श्रीखंड सहित अनेक खाद्य सामग्री लेकर आती हैं, जिन्हें मिलाकर गोपाल काला का प्रसाद बनाया जाता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री अग्रवाल, सचिव चेतन दंडवते, धर्मेश नामदेव, कांत दामले, महेशराम साहू, विनायक राव कांकड़े, दिनेश फनसलकर, हेमा ताई बरवे, विजय दुबे,, श्यामली कुमरे, सरला अवस्थी, दिलीप कालेले, मिथिला अग्रवाल, रामकली पांडेय, सीमा शर्मा, भागीरथी साहू उपस्थित रहे।

### सात हजार श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

अष्टम दिवस प्रभु भोग के उपरांत महाभोग भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान दत्त कथावाचक पं. सुबोध पाण्डे, दत्त मंदिर के मुख्य पुजारी माधो प्रसाद पाठक, मां महामाया मंदिर के मुख्य पुजारी कांत पांडे, ठाकुर प्रसाद, द्विवेदी, चंद्र मौलेश्वर शिव मंदिर के पुजारी संजय महराज सहित एकादश ब्राह्मणों को पूर्णतः सनातन परंपरानुसार केले के पत्ते पर ब्राह्मण भोज कराया गया। दत्त प्रभु को कढ़ी, खिचड़ी, चावल सहित झुनका भाकर का भोग लगाया जाता है। भोग उपरांत आयोजित भंडारा भोग प्रसादी में सात हजार श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। विगत आठ दिनों में दस हजार श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन व जयंती महोत्सव का लाभ लिया।

खरीदारों की डिमांड पर हजारों की चंदेरी साड़ी भी कर रहे तैयार

# बिहार के मुनगे से बनी सिल्क साड़ी की बॉलीवुड एक्ट्रेस भी दीवानी, मेले में अब यही पहली पसंद

**गोंडवाना महोत्सव में विभिन्न राज्यों के व्यापारियों ने स्टॉल सजाया है, जिसमें साड़ी और दुपट्टा महिलाओं की पहली पसंद बने हुए हैं। महोत्सव में दुकानदारों ने चंदेरी सिल्क, मूंगा सिल्क, शालू सिल्क, चिनॉन, बनारसी, भागलपुरी, कश्मीरी जैसी फैब्रिक में साड़ियां उपलब्ध कराई हैं। इसमें विशेष साड़ी की डिजाइन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। सभी साड़ी हैंडमेड द्वारा वर्क में तैयार की गई है।**

**रायपुर।** मेले में स्टॉलों में खरीदारों की भीड़ साड़ी की दुकानों पर अधिक देखी गई, जहां 1000 से 20 हजार रुपए तक की साड़ियां उपलब्ध हैं। इस मौके पर दुकानदारों ने कहा, खरीदारों की डिमांड पर 50-60 हजार तक की साड़ी भी उपलब्ध कराई जा सकती है।



### शालू सिल्क की साड़ी 20 हजार

*उत्तरप्रदेश से अरसलान ने बताया, दुकान में शालू सिल्क की चमचमाती साड़ी है, जिसकी कीमत 20 हजार रुपए तय की गई। बनारसी लुक की साड़ी हैंडलूम से तैयार की गई, जिसमें मोंगलाई जाल का वर्क किया गया है। साड़ी के बॉर्डर पर थ्रेड और जरी वर्क के साथ बारीक डिटेलिंग की गई है। शालू सिल्क में तैयार साड़ी की चमक सालों साल बढ़ती जाती है, जिसे साड़ी के बाद लहंगा भी बनाकर पहन सकते हैं। दुकान में बनारसी डिजाइन में मशरूम सिल्क की साड़ी भी है, जिसकी कीमत 3 हजार से शुरू है। इसमें थ्रेड और अफ्री जरी का वर्क किया जाता है।*



### भागलपुर की मूंगा सिल्क साड़ी

*गोल्डन जरी, टसर, प्लेन, मल्टीकलर और शुद्ध मूंगा सिल्क पर साड़ी तैयार की जाती हैं। इसमें मूंगा सिल्क साड़ी की कीमत सबसे अधिक होती है। दुकान संचालक बॉबी ने बताया, दुकान में शुद्ध मूंगा सिल्क में तैयार साड़ी की कीमत 16 हजार रुपए तय की गई है। इसमें विविंग वर्क किया गया है, साथ ही बारीक डिजाइन के लिए थ्रेड वर्क भी किया गया। यह साड़ी केरल, साउथ और बेंगलुरु की लोकप्रिय साड़ियों में शामिल है, लाइटवेट साड़ी की विशेषता है। भागलपुर के जैन मंदिर रोड स्थित दुकानों के कारीगरों द्वारा साड़ी तैयार की जाती है।*



### चंदेरी सिल्क की साड़ी खास

साड़ी दुकान संचालक फैजान ने बताया, दुकान में चंदेरी सिल्क से तैयार साड़ी, दुपट्टे उपलब्ध हैं, जिसमें तार एवं विविंग वर्क किया गया है, इसकी कीमत 1200-5000 रुपए तक तय की गई। खरीदारों की डिमांड पर 50 हजार तक की साड़ी भी तैयार की जा सकती है, जिसमें पारंपरिक अड्डा वर्क, विविंग, एक नाल, सोने के तार वर्क शामिल होंगे। साड़ी में गोल्डन के तार शामिल करने पर उनकी कीमत लाखों में हो जाती है।

### चिनॉन फैब्रिक का दुपट्टा पहली पसंद

बिहार के व्यापारी मिथिलेश कुमार ने बताया, दुकान में चिनॉन फैब्रिक का दुपट्टा और ब्लॉक प्रिंट की साड़ी आकर्षण का केंद्र है। महोत्सव में चिनॉन फैब्रिक में तैयार दुपट्टे की कीमत 1000 रुपए तय की गई, जो महिलाओं की पहली पसंद बनी हुई है। इसमें मिरर और स्टोन वर्क किया गया है। ब्लॉक प्रिंट की साड़ी भी वर्किंग वूमंस की पसंद बनी हुई है, जिसे प्रिंट के बाद हैंडमेड पेंटिंग के साथ तैयार किया गया है।



## जैतखाम के मॉडल और स्लोगन से सजी शोभायात्रा, शौर्य प्रदर्शन, पंथी नृत्य की धूम

**रायपुर।** मनखे-मनखे एक समान, जय जय सतनाम का जयघोष करते सतनामी समाज के लोग हजारों की तादाद में शाम 4 बजे आमापारा स्थित गुरु घासीदास प्लाजा से निकली शोभायात्रा में शामिल हुए। इसमें समाज की अगवाई करते हुए सात श्वेत ध्वजवाहक संत आगे-आगे चल रहे थे। जैतखाम के मॉडल सहित दर्जनों छायाचित्र और स्लोगन से सजी झांकी के साथ पंथी नृत्य करते दर्जनों ग्रुप इस बार आकर्षण का केंद्र रहे। इनके बीच युवाओं और युवतियों ने इस बार शौर्य प्रदर्शन करते हुए लोगों का ध्यान आकर्षित किया। आयोजन समिति की संरक्षक शकुन डहरिया, अध्यक्ष केपी खण्डे और चेतन चंदेल ने समाजजनों को परंपरा से जोड़ने में इस बार भी अहम भूमिका निभाई।

### जगह-जगह किया स्वागत

महान संत बाबा गुरु घासीदास की 268वीं जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को समाज के लोगों ने शोभायात्रा निकाली। इसमें 18 दिसंबर अमर रहे, जय-जय सतनाम का जयघोष करते हुए हजारों की संख्या में समाजजन सपरिवार शामिल होने के लिए आमापारा प्लाजा के पास दोपहर से ही एकत्र होने लगे थे। संतों के साथ निकाली गई शोभायात्रा का 20 से ज्यादा स्थानों पर सामाजिक, राजनीतिक और व्यावसायिक संगठन से जुड़े लोगों ने मंच से स्वागत किया।







### शोभा यात्रा में फल वितरण

संत बाबा गुरु घासीदास जयंती की पूर्व संध्या पर परंपरानुसार राजधानी में सोमवार को आमापारा प्लाजा से सात श्वेत ध्वजवाहक संतों की अगुआई में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोग शामिल हुए। इसमें धुमाल और डीजे के साथ गुरु घासीदास के आदर्शों व संदेशों को प्रदर्शित करती हुई आकर्षक झांकियां और अखाड़ा दलों का शौर्य प्रदर्शन दिखाई दिया।

### अखाड़ा दलों ने जमाया रंग

बिरगांव ,अछोली सहित विभिन्न वार्डों से आए अखाड़ा दलों में शामिल युवतियां और बच्चे शौर्य का प्रदर्शन करते हुए लाठी चालन, चक्र घुमाते हुए साथ चल रहे थे। मुंह से आग के गोले छोड़ते दल राहगीरों को भी रोमांचित कर रहे थे। पंथी नृत्य के लिए इस बार ग्रुप बनाकर पारंपरिक ढोल, नगाड़े की थाप पर तेज गति से नृत्य करते हुए सबको थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। महिलाएं, युवाओं व बच्चों के साथ बुजुर्गों ने भी गोल घेरा बनाकर नृत्य किया। पंथी दलों ने पिरामिड बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया।



## जीवों की प्रकृति में भूमिका जानी जैव विविधता से भी जुड़े विद्यार्थी

**रायपुर।** नंदनवन जंगल सफारी में सोमवार को युवान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप कॉलेज ऑफ नर्सिंग के 80 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान नंदनवन की शिक्षा टीम ने छात्रों को प्रकृति के विभिन्न घटकों और जैव विविधता को बनाए रखने में पक्षियों की भूमिका के बारे में जागरूक किया। फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी से प्रशिक्षक डी. मनजीत कौर बल ने छात्रों को कीट, पक्षी, सरीसृप और अन्य जीवों की प्रकृति में भूमिका और उनके महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने इस अवसर पर नंदन वन जंगल सफारी का भ्रमण किया, जहां उन्होंने मैना, लेसर व्हिस्लिंग डक, ओरिएंटल मैगपाई रॉबिन, शिकरा, ग्रेटर कूकल, इंडियन ग्रे हॉर्नबिल समेत कई अन्य पक्षियों को देखा।

### इंटर्नशिप कार्यक्रम में भाग लेने की अपील

इस दौरान जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गणवीर ने प्रदेश के सभी कॉलेजों को भी नंदन वन में प्रकृति शिक्षा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को जंगल सफारी के वन्यजीव और पर्यावरण शिक्षा इंटर्नशिप कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की। इस आयोजन ने छात्रों को प्रकृति के करीब आने और जैवविविधता का महत्व समझने का अद्भुत अवसर दिया ।

राजधानी में 31 जगह संस्कृत की पाठशाला, संवाद के गुर सीखने पहुंच रहे 2500 विद्यार्थी

# संस्कृत में बातचीत करने बच्चे और युवा सीख रहे भाषा, प्राचीन वेदों से संवादों का अध्ययन

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** सभी भाषाओं की जननी संस्कृत को लोग बातचीत या यूं कहें कि संवाद का हिस्सा बना सकें, इस उद्देश्य से संस्था संस्कृत भारती ने हर वर्ग को संस्कृत से जोड़ने 11 दिसंबर से 31 स्थानों पर पाठशाला शुरू की है। जहां 25 सौ से ज्यादा हर वर्ग के विद्यार्थी संस्कृत में संवाद करना सीखने पहुंच रहे हैं। इस प्रयास को 20 दिसंबर तक जारी रखा जाएगा, यानी संस्कृत में संवाद करने की चाहत रखने वाले लोगों का आधार तैयार करने का क्रम जारी है। यहां विद्यार्थियों को बताया जा रहा है कि इसे केवल देवभाषा या पुराणों की भाषा समझने की भूल न करें। प्राचीनकाल में यह संवाद की भाषा रही है। कुछ ऐसी ही सीख इन दिनों विद्वानों द्वारा दी जा रही है।






### कॅरियर बनाने में संस्कृत उपयुक्त

संस्कृत भारती के प्रांत मंत्री डॉ. दादूभाई त्रिपाठी और महानगर प्रचार प्रमुख पं. चंद्रभूषण शुक्ला के मार्गदर्शन में हर साल की तरह इस बार भी नौ दिवसीय पाठशाला लगाकर संस्कृत सिखाई जा रही है। किसी प्रकार का बंधन नहीं होने से हर जाति-धर्म और उम्र के लोग संस्कृत में संवाद करना सीखने के लिए रोज कक्षाओं में पहुंच रहे हैं। जहां बताया जा रहा कि संस्कृत बहुत उपयोगी भाषा है, जीवन को संवारने वाली भाषा है। युवाओं को इसे सीखने पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि संस्कृत कॅरियर बनाने के लिए भी उपयुक्त है। शिक्षक-शिक्षिकाएं बता रहे हैं कि इस विषय में प्रतियोगी कम हैं। केवल संस्कृत ऐसा विषय है, जिसका कहीं कोई विरोध नहीं है। इससे घर-परिवार संस्कारित होते हैं। इस शिविर में बहुत से बच्चे, महिलाएं ही नहीं, हर वर्ग के पुरुष भी भाग ले रहे हैं। साथ में संस्कृत के संभाषण शिविर का लाभ लेते हुए संस्कृत शिक्षा का लाभ भी ले रहे हैं। संस्कृत अनिवार्य विषय बने, केवल कोर्स पूरा करने के लिए संस्कृत की पढ़ाई करने के बजाय इसे जीवन का हिस्सा बनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है, ताकि लोग इसमें कॅरियर भी बना सकें।

### यहां संचालित हो रहीं कक्षाएं

वीआईपी रोड श्रीराम मंदिर में शैलबाला पांडेय, सुखमनी, कंकालीपारा में डॉ. लूनेश वर्मा और अमित, रोहिणीपुरम-डीडीनगर में होमेश्वर चंद्राकर, प्रवीण झाड़ी, सुंदरनगर व महादेवघाट में डॉ. वैभव कान्हे, कोटा के सरस्वती शिशु मंदिर व सिंगापुर सिटी में डॉ. दिव्या देशपांडे व प्रेमानंद को संस्कृत सिखाने की जिम्मेदारी दी गई है। श्रीनगर में विवेकानंद और नीलेश तिवारी, तिलक नगर में दुर्गेश तिवारी, असरिता के साथ गोगांव में डालेश्वरी साहू व मिथिलेश संस्कृत सिखा रहे हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### वन डे क्रिकेट में छत्तीसगढ़ ने राजस्थान को हराया




**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा मेंस अंडर 23 स्टेट ए वनडे ट्रॉफी का आयोजन रविवार से शुरू हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मैच त्रिवेन्द्रम में राजस्थान टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 39 ओवरों में 10 विकेट खोकर 162 रन बनाये। राजस्थान की ओर से डी जे सैनी ने सर्वाधिक 51 रन उनके अतिरिक्त गजराज ने 29 तथा ए शर्मा ने 28 रन बनायें। छत्तीसगढ़ की ओर से वासुदेव बरेठ ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 5 विकेट तथा देव आदित्य सिंह ने 3 विकेट प्राप्त किये। 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ ने 31.3 ओवरों में बिना किसी नुकसान के 163 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया।

छत्तीसगढ़ की ओर से दोनों ही प्रारंभिक बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये पहले विकेट के लिये 163 रनों की साझेदारी की। आयुष पांडे ने 82 रनों की नाबाद पारी खेली वहीं आशीष कुमार डहरीया 68 रन बनाकर नाबाद रहे। छत्तीसगढ़ ने मैच 10 विकेट से जीत लिया।

### इंटर कॉलेज जुडो में महिला कॉलेज को 1 स्वर्ण और दो रजत



**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में शासकीय गुरु घासीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालयीन जुडो महिला /पुरूष प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने मेडल जीते।

नमेस्वता साहू ने 70 किलोग्राम ऊपर वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया, भूमिका बघेल ने 52 किलोग्राम के ऊपर वर्ग में रजत पदक एवं बबिता विश्वकर्मा ने 63 किलोग्राम ऊपर वर्ग में रजत पदक हासिल कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया है। उक्त जानकारी महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी डॉ कर्मिष्ठ शंभरकर ने दी।

### छत्तीसगढ़ सीनियर वॉलीबाल टीम के गठन हेतु ट्रायल 21 को



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सीनियर (महिला/पुरुष) वॉलीबाल टीम के गठन हेतु सप्रे स्कूल स्थित मैदान में सलेक्शन ट्रायल्स खेल एंव युवा कल्याण विभाग के द्वारा 21 दिसम्बर को सुबह 9 बजे रखा गया है। उपरोक्त सलेक्शन ट्रायल्स में से चयनित खिलाड़ियों का 23 दिसम्बर से 04 जनवरी 2025 तक प्रशिक्षण शिविर लगाया जायेगा। इसके उपरांत टीम 07 से 13 जनवरी तक जयपुर (राजस्थान) में होने वाली सीनियर नेशनल वॉलीबाल चैम्पियनशिप में हिस्सा लेगी। सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन एड हॉक कमेटी वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

### गुकेश के विश्व विजेता बनने पर शतरंज के खिलाड़ियों ने मनाया जीत का जश्न



**रायपुर।** भारत के 18 वर्षीय डी गुकेश ने शह और मात के इस खेल में शतरंज की दुनिया में युवा विश्व चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया। गुकेश के विश्व विजेता बनने पर जिला शतरंज संघ महासमुंद के सौजन्य से शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में जीत का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर इस ऐतिहासिक जीत को सेलिब्रेट करते हुए विद्यालय में बच्चों ने केक काटा और खुशी के इस खास मौके पर मिठाई बांटी गई। जिला व राज्य शतरंज संघ के सचिव हेमन्त खुटे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि 12 दिसंबर का दिन हम सभी के लिए गौरवशाली व ऐतिहासिक रहा। गुकेश ने अंतिम बाजी को जादुई ढंग से जीतकर देश को विश्व विजेता का खिताब तोहफे के रूप में दिया। विशेष आमंत्रित मिनी गोल्फ के राष्ट्रीय चैंपियन एस इमरान ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोई भी महान खिलाड़ी अपनी शुरुआती दिनों में एक सामान्य खिलाड़ी के तरह ही होता है । उनके द्वारा की गई कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और कुछ कर गुजरने का जज्बा ही उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाता है। उन्होंने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में शतरंज खेलने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर दुर्ग से आई शतरंज खिलाड़ी सोनी, सेजेश स्कूल की छात्रा द्वय अर्शी, आशी व विद्यालय के बच्चों के साथ उनके शिक्षक दिलीप कुमार पटेल व तबस्सुम मौजूद थे।

#### लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी से बिगड़ती है सेहत, रखें ध्यान

# आपकी दिमागी सेहत को बिगाड़ती हैं कुछ आदतें इनमें सुधार कर बेहतर बना सकते हैं अपना दिन

मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखना संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी है। हालांकि लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण वयस्कों-बुजुर्गों में मेंटल हेल्थ की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सामाजिक कलंक के डर के कारण लोग अपनी परेशानियों को लेकर डॉक्टर से मिलने नहीं जाते जिससे समय पर बीमारी का निदान और उपचार नहीं हो पाता है। मानसिक स्वास्थ्य को अच्छा बनाए रखना हमारे जीवन की गुणवत्ता को सुधारने और बेहतर महसूस करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि कुछ आदतें ऐसी होती हैं जो हमारी मानसिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। सभी लोगों को इस बारे में जानना और बचाव के लिए प्रयास करते रहना जरूरी है।



### मेंटल हेल्थ की समस्या

हम क्या खाते हैं, दिनचर्या कैसे है, कब सोते-जागते हैं, इन सभी का असर मेंटल हेल्थ पर पड़ता है। अनियमित और अपर्याप्त नींद से लेकर नकारात्मक सोच, आहार में गड़बड़ी ये सभी आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए दिक्कतें पैदा कर सकती है। इन आदतों को पहचानना और इन्हें बदलने की कोशिश करना मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। सही दिनचर्या और सकारात्मक आदतों को अपनाकर आप अपनी मानसिक स्थिति को ठीक रख सकते हैं।

### सोशल मीडिया और रील्स खतरनाक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चों और वयस्कों के दिन का एक बड़ा समय मोबाइल फोन को स्क्रॉल करने और सोशल मीडिया पर बीतता है, जिसका उनके मानसिक स्वास्थ्य पर कई प्रकार से नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसी संबंध में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने साल 2024 के लिए 'ब्रेन रोट' शब्द को 'वर्ड ऑफ द ईयर' घोषित किया है। ब्रेन रोट शब्द सोशल मीडिया पर अत्यधिक मात्रा में मौजूद दोयम दर्जे वाले कंटेट के कारण होने वाले मानसिक दुष्प्रभावों को लेकर चिंता को दर्शाता है। यानी सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताना या रील्स स्क्रॉल करते रहना आपकी मेंटल हेल्थ के लिए ठीक नहीं है।

### सोच को रखें सकारात्मक

नकारात्मक सोच और आत्म-आलोचना का आपकी मेंटल हेल्थ पर कई प्रकार से नकारात्मक असर होता है। बार-बार नकारात्मक विचार करना या खुद को दोषी ठहराना आत्मसम्मान को कम करता है। यह आदत चिंता और अवसाद को बढ़ावा देती है। ₹मैं अच्छा नहीं हूं₹ या ₹मैं यह नहीं कर सकता₹ जैसे विचारों से मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ता है। इसलिए जरूरी है कि अपनी सोच को सकारात्मक रखें और अच्छे विचारों का आदान-प्रदान करें।

### अनियमित और अपर्याप्त नींद नुकसानदायक

नींद की कमी भी हमारे मस्तिष्क के कार्यों को धीमा कर देती है। इससे तनाव, चिंता और डिप्रेशन की संभावना बढ़ जाती है। नींद की कमी से याददाश्त कमजोर होती है और निर्णय लेने की क्षमता पर बुरा असर पड़ता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, रोजाना 7-9 घंटे की गुणवत्तापूर्ण नींद लें। सोने और उठने का एक नियमित समय तय करें। सोने से पहले स्क्रीन टाइम कम करें और एक शांत माहौल बनाएं।



# देहली खालसा टीम रही सिख लीग प्रीमियर क्रिकेट की विजेता

**रायपुर।** 16 वीं सिख लीग प्रीमियर क्रिकेट टूर्नामेंट देहली खालसा वारियर्स ने चंडीगढ़ सिंग्स को 34 रनों से हराकर जीत ली है। देहली के प्रभजोत सिंह की घातक गेंदबाजी के आगे चंडीगढ़ के बल्लेबाज टिक नहीं पाये जब उन्होने 22 रन देकर 5 खिलाडिय़ों को आउट किया। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हे मैन ऑफ द मैच चुना गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी बलदेव सिंह भाटिया ने विनर व सब विनर टीम के खिलाडिय़ों को ट्राफी व नगद पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा कि यह टूर्नामेंट अब राष्ट्रीय स्तर पर समाज के बीच अपनी पहचान स्थापित कर चुका है, आने वाले साल में और वृहद रूप से इसका आयोजन किया जाएगा। जिस सिख समाज की परिकल्पना आज से 239 साल पहले गुरुगोविंद सिंह ने की थी वह आज खेल ही बल्कि हर क्षेत्र में सेवा व समर्पण के माध्यम से साकार कर रहा है। रविवार को डब्ल्यूआरएस क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए फाइनल मैच में देहली खालसा वारियर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी और 20 ओवर में 156 रनों का एक अच्छा स्कोर खड़ा किया। टाइगर ने 22 और दिलजोत ने




39 रन की पारी खेलते हुए अच्छी शुरुआत दी। विकेटकीपर इमप्रीत ने फिर यादगार पारी खेली 56 रन (39 गेंद) में 5 चौके और 2 छक्के लगाये। देहली खालसा वॉरियर्स को 13 रनों का अतिरिक्त सपोर्टिंग रन भी मिले। श्रेष्ठजोत ने दो और अन्य गेंदबाजों ने 1-1 विकेट लिए। आज चंडीगढ़ सिंग्स की शुरुआत ही खराब रही जब शुरु के तीन बल्लेबाज क्रमशः 7, 5 और 8 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद सतवंत 31 रन व श्रेष्ठजोत ने 16 रन बनाकर पारी को संभालने की कोशिश की पर बाद के बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला और पूरी टीम 19.1 ओवर में 120 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

### घर पर बनाना है रेस्टोरेंट स्टाइल सूप तो इन बातों का रखें ध्यान

सर्दियों का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे मे लोगों ने अपने खानपान में काफी बदलाव किया है। इस मौसम में सूप भी पसंद करते हैं। कई बार रेस्टोरेंट स्टाइल सूप घर पर नहीं बन पाता है। ऐसे में आपको घर पर रेस्टोरेंट स्टाइल सूप बनाने का तरीका जानना चाहिए। कुछ बातों का ध्यान रखकर आप घर पर स्वादिष्ट सूप बना सकते हैं।



**ताजा होनी चाहिए सब्जियां:** सूप बनाने जा रहे हैं तो ध्यान रखें कि उसमें जिन सब्जियों का इस्तेमाल कर रहे हैं वो ताजी होनी चाहिए। अगर सब्जियां ताजी नहीं होंगी तो सूप का स्वाद खराब हो जाएगा। इसलिए हमेशा ताजी सब्जियां ही इस्तेमाल करें।

**सहीं हों मसाले:** सूप बनाने के लिए उसमें डालने वाले मसालों का खास ध्यान रखें। इसे बनाने के लिए तुलसी, अजवाइन, पार्सले, थाइम, और काली मिर्च का सही उपयोग करें।



### भूलने की समस्या से रहते हैं परेशान तो करें इन योगासनों का अभ्यास

भूलने की समस्या कई कारणों से हो सकती है जिसमें एक प्रमुख वजह उम्र बढ़ने के साथ मस्तिष्क की कोशिकाएं कमजोर होना है। हालांकि लोग कम उम्र में भी चीजें और जरूरी बातें व काम भूल जाते हैं। भूलने की ये समस्या उन्हें अक्सर परेशानी में डाल देती है। दवाओं के सेवन से स्मरण शक्ति कमजोर हो सकती है। शराब व तंबाकू के सेवन से भी याददाश्त पर नकारात्मक असर होता है। विटामिन की कमी स्मरण शक्ति कमजोर बनाती है। इसके अलावा तनाव व चिंता ध्यान भटकाती है, जिससे याददाश्त की समस्या हो सकती है।

याददाश्त में सुधार के लिए मस्तिष्क स्वास्थ्य को बेहतर और ध्यान को बढ़ाने की जरूरत होती है। इसके लिए योग बेहतर प्राकृतिक उपचार है। योग मस्तिष्क की कोशिकाओं को मजबूती देता है। योग से ध्यान और एकाग्रता बढ़ती है। ये दिमाग को तेज बनाता है, तनाव कम करता है और दिमाग की ऊर्जा का संतुलन बेहतर करता है। याददाश्त तेज करने के लिए यहां कुछ योगासनों के बारे में बताया जा रहा है,जिसका अभ्यास बच्चों से लेकर बड़े तक कर सकते हैं।

**पद्मासन:** पद्मासन जिसे कमल आसन भी कहते हैं के अभ्यास से एकाग्रता बढ़ती है। ये आसन मन शांत रखने में सहायक हैं। दिमाग को शांत करके ही याददाश्त को बढ़ाया



जा सकता है। पद्मासन के अभ्यास के लिए हाथों और घुटनों के बल बैठकर सांस लें और घुटनों को जमीन से उठाएं। पैरों को जितना हो सके पीछे की ओर फैलाएं। सिर को नीचे रखें और एड़ियों को जमीन पर दबाएं। कुछ सेकंड इसी स्थिति में रहें।

**त्रिकोणासन:** ये आसन शरीर को लचीला बनाने के साथ ही तनाव को भी कम करता है। त्रिकोणासन के अभ्यास से मस्तिष्क में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, जिससे स्मरण शक्ति में सुधार आता है। त्रिकोणासन के अभ्यास के लिए सीधे खड़े होकर दोनों पैरों के बीच 2 से 3 फुट की दूरी रखें। अब दाहिने पैर को आगे बढ़ाकर 90 डिग्री के कोण में घुमाएं। हाथों को बगल में फैलाकर कंधों के स्तर तक ले जाएं।

**भ्रामरी प्राणायाम:** प्राणायाम मन और मस्तिष्क को स्थिर रखने में असरदार है। भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास दिमाग तेज बनाने के लिए कर सकते हैं। इस आसन को करते समय गहरी सांस ले और फिर छोड़े। इस आसन से मन शांत, तनाव और चिंता कम होती है। साथ ही एकाग्रता और याददाश्त में सुधार होता है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

ALERT SGS PVT. LTD.
अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्फर्टर दोहड़ | कम्बल रजाई | प्रोटेक्टर | तकिया | सोफा कमबेड | रजाई-गद्दा कव्हर | टावेल | रुई गद्दा | सोफा कव्हर
पुराना गद्दा लाये नया ले जाये
संजय रुई भंडार
निराकारी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मेन्स वियर मेला BRAND BAZAR
INTERNATIONAL BRAND
होलसेल से भी कम रेट में! इससे अच्छा और सस्ता कहीं नहीं!
• जींस • टी-शर्ट • शर्ट • लोअर • बरमूडा
मानसरोवर छत्तीसगढ़ का पहला मेन्स होलसेल हब जहाँ बड़े इंटरनेशनल ब्रांड के
आज ही विजिट करें:
80-81 टेक्सटाइल्स मार्केट गेट न. 2 के पास पंडरी, रायपुर
7880002712 7880002704
मानसरोवर

पिकनिक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक
बारनावापारा, सिरपुर में पिकनिक प्रति व्यक्ति केवल 650/- में
नाश्ता - दोपहर का लंच, शाम की चाय (मिनिमम 50 व्यक्तियों हेतु)
आओ और अपने परिवार और मित्रों के साथ एक यादगार दिन बिताएं!
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
Book Now ▪ KITTY PARTY ▪ ANNIVERSARY ▪ BIRTHDAY PARTY
भामरा गार्डन बारनवापारा
9589386162

SM@RT
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com
0771-2433880
CCTV | Biometrics | Fire Safety | Video Conf. | Networking & IT Solutions | Vehicle Traking

GK TMT
सपनों को जीते देखो
श्रीनाथ ट्रेड लिंक के सौजन्य से
दुर्गा मंदिर के पास मेन रोड डुंडा, रायपुर
मो. 98271-34515 89592-22666
लकी ड्रॉ 31 मार्च 2025 को
150 बंडल जीके टीएमटी की खरीदी पर आकर्षक उपहार
प्रथम प्राइस 265 लीटर डबल डोर फ्रिज
द्वितीय प्राइस टॉप लोड वाशिंग मशीन
अन्य प्रतिभागी जो 150 बंडल टीएमटी उठा चुके हैं उनके लिए अन्य आकर्षक उपहार

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

